दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

जयपुर, सोमवार, 16 अक्टूबर, 2023
आश्विन, शुक्ल पक्ष- द्वितीया, विसं 2080

www.sachbedhadak.com
twitter.com/sachbedhadak
facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak
Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 307 — पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00





फोटो: पंकज शर्मा

## आमेर की शिला देवी लायो राजा मान...



**जयपुर।** शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा पर रविवार आमेर महल में विराजीं माता रानी शिला देवी के मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। इस मंदिर में सुबह 11:55 बजे के अभिजित मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ घट स्थापना की गई।

■ पेज 3 भी देखें

## जरूरी खबर

### दिल्ली-एनसीआर में धूजी धरती, तीव्रता 3.1



**नई दिल्ली।** दिल्ली-NCR में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। यह झटके 4 बजकर 8 मिनट पर महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप का केंद्र हरियाणा के फरीदाबाद में था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी गई है। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। जिस वक्त धरती थरथराई उस समय लोग अपने घरों पर थे और भूकंप आने पर बाहर निकल आए। लोगों ने बताया कि उन्होंने भूकंप के तेज झटके महसूस किए। दो हफ्ते में यह दूसरा मौका है, जब दिल्ली-एनसीआर में धरती धूजी है।

### जेपी नड्डा आज प्रदेश के दौरे पर

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार को एक दिवसीय प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। नड्डा जोधपुर और उदयपुर संभाग कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे और चुनाव में जुटने का आह्वान करेंगे। इसके साथ ही वे दोनों संभागों के कार्यकर्ताओं से संवाद कर चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। ■ पेज 2 भी देखें

## टिकटों की सियासत: कांग्रेस पहली सूची का इंतजार... दूसरी ओर, भाजपा की दूसरी लिस्ट पर मंथन जारी

# कांग्रेस की सरकार के समर्थक विधायकों को लेकर फंसा पेच

■ बसपा छोड़ कर आए और निर्दलीयों को पार्टी की ना!

■ BJP की दूसरी सूची पर कल लगेगी मुहर, पैनल पहुंचे दिल्ली

**बेधड़क** | नई दिल्ली/जयपुर

कांग्रेस की पहली सूची में दिग्गज नेताओं के नाम के साथ कई मंत्रियों के टिकट कटने की तलवार लटक गई है। वहीं, पांच साल कांग्रेस के साथ जुड़ कर सरकार को बचाए रखने वाले विधायकों को पार्टी ने सर्वे और मिले फीडबैक के आधार पर टिकट के लिए ना कर दी है। इससे पहले शनिवार को दिल्ली में चार घंटे चली स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में करीब 55 नामों पर सहमति बन चुकी है। इनमें मजबूत और स्थापित नेताओं के नाम हैं, उन सीटों पर कोई और दावेदार नहीं है। इसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासर, पूर्व मंत्री हरीश चौधरी सहित तमाम दिग्गज नेताओं के नाम बताए जा रहे हैं। अब 17 अक्टूबर को एक बार फिर स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी और 18 अक्टूबर को सीईसी की बैठक होगी। इसके बाद कांग्रेस अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर देगी। पार्टी सूत्रों की मानें तो कांग्रेस कमजोर सीटों पर एक्सपेरिमेंट करने और विधायकों की टिकट काटने के बाद के बैकअप प्लान पर ज्यादा माथापच्ची कर रही है।

दुसरी ओर, भाजपा की राजस्थान के प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के साथ ही दूसरी पर मंथन भी अंतिम चरण में है। भाजपा ने दूसरी सूची फाइनल करने के लिए अपनी केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक मंगलवार को बुलाई है।



*पीसीसी वॉर रूम में सुखज़िंदर सिंह रंधावा, वॉर रूम चेयरमैन शशिकांत सेंथिल और गौरव पंधी रणनीति पर चर्चा करते हुए।*

### रंधावा ने कहा 17 को अंतिम चर्चा के बाद सूची

कांग्रेस के टिकटों लेकर राजस्थान के प्रदेश पार्टी प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि 17 अक्टूबर को हमारी स्क्रीनिंग बैठक होगी, फिर 18 अक्टूबर को सीईसी उसके बाद कांग्रेस के प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होगी।

### गहलोत की केंद्रीय नेताओं से लगातार मुलाकातें

सीएम अशोक गहलोत से रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने मुलाकात की और जयपुर रवाना होने से पहले देर रात को स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने जोधपुर हाउस में मुलाकात की। बसपा से कांग्रेस में शामिल हुए वाजिब अली, दीपचंद खैरिया, संदीप यादव, जोगेंद्र सिंह अवाना, लाखन मीणा और निर्दलीय विधायक संयम लोढ़ा भी सीएम गहलोत से मिले। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक बसपा के तीन लोगों का फीडबैक निगेटिव था। इसके चलते इन विधायकों ने भी मुख्यमंत्री गहलोत से मुलाकात की।

### यूथ विंग ने मांगी हिस्सेदारी

कांग्रेस के यूथ विंग ने भी पार्टी टिकटों में अपनी हिस्सेदारी मांगी है। यूथ कांग्रेस ने 13 और एनएसयूआई ने चार टिकट अपने कोटे से मांगी है। पार्टी इस बार यूथ पर फोकस करने का भी ऐलान कर चुकी है।

### समर्थन देने वाले निर्दलीयों को इनाम

पार्टी सूत्र यह भी बता रहे हैं कि ऐसे विधायकों में सिरोही से संयम लोढ़ा, दूदू से बाबूलाल नागर और किशनगढ़ बांस से संदीप यादव के नाम सूची में शामिल हैं। इन विधायकों के नाम कांग्रेस के सर्वे में जिताऊ प्रत्याशी के तौर पर भी सामने आ रहे हैं।

## वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा उलटफेर...

# अफगानिस्तान ने वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड को 69 रन से हराया

**एजेंसी** | नई दिल्ली

वर्ल्ड कप 2023 के रविवार को यहां खेले गए 12वें मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को 69 रनों से परास्त कर अफगानिस्तान पूरे क्रिकेट जगत को चौंका दिया। ये वर्ल्ड कप 2023 का सबसे बड़ा उलटफेर है, क्योंकि मैच के शुरू होने से पहले शायद ही किसी ने सोचा होगा की अफगानिस्तान की टीम इंग्लैंड जैसी चैंपियन टीम को हरा सकती है। मगर, अफगानिस्तान ने साबित कर दिया कि ये क्रिकेट है, जिसमें कभी भी कुछ भी हो सकता है।



यह मुकाबला वर्ल्ड कप इतिहास में दर्ज हो गया है। इस मैच में टॉस जीतकर इंग्लैंड ने गेंदबाजी चुनी, अफगानिस्तान ने 49.5 ओवर में 284 रन बनाए। 285 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम हैरी ब्रूक के 66 रनों की सबसे बड़ी पारी की मदद से मात्र 215 रन पर ढेर हो गई। अफगान बॉलर मुजीब उर रहमान (3 विकेट और 28 रन) मैन ऑफ द मैच रहे।

### कांग्रेस के 3 राज्यों के 229 प्रत्याशियों की सूची जारी



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। एमपी में कांग्रेस ने 144 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया है। कमलनाथ छिंदवाड़ा से लड़ेंगे। छत्तीसगढ़ में 30 उम्मीदवारों की पहली सूची में सीएम भूपेश बघेल पाटन और डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को अंबिकापुर से प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, तेलंगाना में भी 55 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी को कोंडागल सीट से उम्मीदवार बनाया है।

■ पेज 7 भी देखें

## बेधड़क मुलाकात

### लोकसभा अध्यक्ष से मिले विनायक शर्मा



*जयपुर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सच बेधड़क मीडिया हाउस के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने शिष्टाचार मुलाकात की। यह मुलाकात ओम बिरला के बंगला नंबर 20 अकबर रोड पर हुई। मुलाकात के दौरान दोनों में आध्यात्मिक, सामाजिक कार्यों से जुड़े कई अहम विषय पर चर्चा हुई। साथ ही लोकसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुई पी-20 के सफल आयोजन को लेकर विनायक शर्मा ने ओम बिरला को बधाई और शुभकामनाएं दी।*

## विधायक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला!

# पीड़िता पहुंची थाने में... फिर किया इनकार

**बेधड़क** | जयपुर

डीडवाना सीट के विधायक चेतन डूडी के खिलाफ नाटकीय अंदाज में एक 33 वर्षीय महिला के ज्योति नगर थाने में परिवाद ले जाने पर सियासी बखेड़ा खड़ा हो गया। यह महिला पहले थाने में विधायक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाने के लिए पहुंची थी, बाद में वो कथित तौर पर परिवाद लेकर चली गई। बाद में फोन करने पर महिला ने मामला दर्ज करवाने से इनकार कर दिया। इससे संबंधित एक परिवाद की कॉपी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें डीडवाना विधायक चेतन डूडी के खिलाफ दुष्कर्म करने की शिकायत लिखी हुई है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने कुछ भी कहने से इनकार किया है।

**वायरल हुई शिकायत:** कोर्ट के इस्तगासे की सूरत में चार पेज की यह शिकायत जयपुर और नागौर में तेजी से वायरल हुई। इस बारे में विधायक चेतन डूडी ने बताया कि यह राजनीतिक षड्यंत्र हैं। यह किसी न किसी तरीके से मुझे फंसाया जा रहा है। टिकट का वितरण चल रहा है। इसलिए इस तरह का मामला बनाया जा रहा है। डूडी ने कहा कि मेरे पास किसी भी पुलिस थाने से फोन नहीं आया है और ना ही जिस महिला को लेकर बात की जा रही है, उसे मैं जानता हूं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।


## पेपर लीक मामले में ईडी की कार्रवाई

# तीन करोड़ की संपत्तियां जब्त... इधर, लॉकर्स तलाशी पर बवाल

- आरपीएससी सदस्य सहित तीन को किया जा चुका है गिरफ्तार
- एक नेता के इशारे पर निजी वॉल्ट के लॉकर्स की तलाशी से भड़के व्यापारी
- व्यापारी संगठन बोला- लॉकर्स मालिकों की निजता का रखें ध्यान

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की द्वितीय श्रेणी शिक्षक प्रतियोगी परीक्षा 2022 के पेपर लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने जहां एक ओर राज्य में तीन करोड़ 11 लाख 93 हजार 597.98 रुपए की चल-अचल सम्पत्तियों को जब्त किया है। वहीं, दूसरी ओर एक नेता के कहने पर निजी वॉल्ट के लॉकर्स की तलाशी को लेकर व्यापारियों ने ईडी के खिलाफ आक्रोश जताया है। निदेशालय की ओर से रविवार को जारी अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई कि पेपरलीक मामले में आरपीएससी के सदस्य रहे बाबूलाल कटारा के अलावा अनिल कुमार मीना उर्फ शेरसिंह मीना व भूपेन्द्र सारण को गिरफ्तार किया जा चुका है। 13 अक्टूबर को भी इस मामले में राज्य में 7 ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की और इस कार्रवाई में 24 लाख की नकदी, कुछ अन्य दस्तावेज व प्रोप्टी बिक्री से संबंधित दस्तावेज तथा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि जब्त किए गए।



### पीएमएलए के तहत की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय पेपर लीक मामले में धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कार्रवाई कर रहा है। इसका आधार इस संबंध में राजस्थान पुलिस की ओर से कराई गई प्राथमिकी है। पुलिस ने अपनी प्राथमिकी में आरोप लगाए हैं कि पेपर लीक मामले में उम्मीदवारों को 8 से 10 लाख रुपए में पेपर बेचे गए। मामले में अब तक ईडी ने 22 ठिकानों पर छापे मारे हैं और इस मामले में जांच कार्य फिलहाल जारी है।




### अनर्गल आरोपों की जिम्मेदारी तय हो: फोर्टी

एमआई रोड स्थित गणपति प्लाजा में संचालित निजी वॉल्ट के लॉकर्स में एक राजनेता की ओर से 500 करोड़ रुपए का काला धन और 50 किलो सोना छिपाने के आरोपों पर हुई कार्रवाई और इस पर निजी वॉल्ट में लॉकर का संचालन बंद करने को लेकर व्यापारियों में आक्रोश है। फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज (फोर्टी) के मुख्य संरक्षक सूरजाराम मील ने रविवार को पत्रकारों को कहा कि राज्य विधानसभा अधिसूचना जारी होने के बाद अनर्गल आरोपों की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए। चूंकि रविवार दोपहर तक खुले लॉकर्स में कुछ खास नहीं मिला है, अत: जांच एजेंसियों को आरोप लगाने वाले से विस्तृत पूछताछ करनी चाहिए।

## जरूरी खबर

### बिग बॉस फेम गौरी नागौरी ने थामा 'आप' का दामन



**जयपुर।** बिग बॉस फेम गौरी नागौरी रविवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गई। आप के जयपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रभारी विनय मिश्रा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान कांग्रेस के प्रवक्ता रहे वेद प्रकाश शर्मा समेत मनोज लवाना ने भी पार्टी की सदस्यता ली। प्रदेश प्रभारी मिश्रा ने कहा कि आम आदमी एक मात्र ऐसी पार्टी है, जो सर्व समाज को लेकर चलती है। गौरी नागौरी ने कहा कि आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली और पंजाब में जनता को जो सुविधाएं दी जा रही हैं, उससे प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ने का निर्णय किया है।

### राजे ने की असम के राज्यपाल से मुलाकात

**जयपुर।** आगामी विधान सभा चुनाव में रणनीति तय करने को लेकर रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे उदयपुर पहुंची और असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया से मुलाकात की। राजे की कटारिया से मुलाकात को मेवाड़ के राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी अहम मानी जा रहा है। दोनों के बीच करीब 40 मिनट तक बातचीत हुई। गौरतलब है कि कटारिया को असम का राज्यपाल बनाने के बाद उदयपुर शहर विधानसभा सीट से भाजपा मजबूत उमीदवार ढूंढ़ रहीं हैं। उदयपुर शहर विधानसभा सीट पर करीब 4 चुनावों में कटारिया का दबदबा कायम रहा। पूर्व सीएम राजे राज्यपाल कटारिया से मिलने के बाद बांसवाड़ा के लिए रवाना हो गई। कटारिया को राज्यपाल बनाने के बाद भाजपा आलाकमान उदयपुर शहर से जिताऊ उम्मीदवार को लेकर मंत्रणा कर रही है।

### एआईएमआईएम चीफ औवेसी 21 को आएंगे जयपुर



**जयपुर।** आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर एआईएमआईएम चीफ असिदुद्दीन ओवैसी 21 अक्टूबर से प्रदेश में दो दिन के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे जयपुर, फतेहपुर और रामगढ़ में सभा को भी संबोधित करेंगे। इन कार्यक्रमों में ओवेसी प्रदेश में विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान भी कर सकते हैं। शहर में वे भट्टा बस्ती और एक दरगाह पर भी जियारत करने जाएंगे।

**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा आज आएंगे दो संभागों के दौरे पर,** 150 सीटें जीतने का दावा

# मेवाड़-मारवाड़ की सीटों पर जीत को लेकर बनेगी रणनीति

**बेधड़क** | जयपुर



आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के बाद भाजपा चुनाव प्रचार-प्रसार में लग गई हैं। वहीं भाजपा के केंद्रीय नेता भी लगातार प्रदेश के दौरे पर आ रहें है। सोमवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एक दिवसीय दौरे पर राजस्थान आएंगे।

नड्डा के दौरे को लेकर रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रेस वार्त्ता कर जानकारी दी। जोशी ने मिडिया से बातचीत करते हुए कहा कि नड्डा सोमवार को उदयपुर आएंगे। वे यहां पार्टी पदाधिकारियों के सम्मेलन में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि पूरे मेवाड़ के संगठन पदाधिकारी इसमें शामिल होंगे। नड्डा मिशन मरुधरा के तहत उदयपुर और जोधपुर संभाग के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे और चुनावी तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने भाजपा की पहली सुची जारी होने के बाद प्रदेश के कई विधानसभ सीटों पर टिकट वितरण के विरोध को लेकर कहा कि एक विधानसभा क्षेत्र में कई दावेदार होते हैं। किसी एक को टिकिट मिलने पर कार्यकर्ताओं की नाराजगी स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि चुनावों में सभी भाजपा परिवार के सदस्य मिलकर कमल को जिताएंगे। जोशी ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचा है। युवाओं का भविष्य बर्बाद हुआ है और महिला की सुरक्षा नहीं हो पा रही। जोशी ने कहा कि प्रदेश में पहली बार श्रीराम के नारे लगाने वालों पर कांग्रेस सरकार में मुक़दमे दर्ज किए गए। वहीं हिंदू त्योहारों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। जोशी ने कहा कि चुनाव में भाजपा को 150 से ज्यादा सीटें मिलेगी।

### यह रहेगा नड्डा के दौरे का कार्यक्रम

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा सोमवार को पहले उदयपुर और फिर जोधपुर में संभागीय सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे। नड्डा सुबह 10 बजे विशेष चार्टर प्लेन से उदयपुर पहुंचेंगे। इसके बाद होटल हावर्ड जॉनसन में उदयपुर संभाग की दो सत्रों में बैठक लेंगे। बैठक में उदयपुर शहर देहात चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ के पदाधिकारी शामिल होंगे। दोपहर 1 बजे डूंगरपुर, राजसमंद और बांसवाड़ा के पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। उदयपुर में संभाग बैठक लेने के बाद दोपहर करीब 4 बजे जेपी नड्डा जोधपुर पहुंचेंगे। जोधपुर के एक होटल में जोधपुर संभाग के पदाधिकारी की बैठक लेंगे। पहले सत्र में जालौर, पाली, सिरोही जिले के पदाधिकारी की बैठक लेंगे। इसके बाद जिला जोधपुर शहर उत्तर, दक्षिण, बाडमेर, बालोतरा, जैसलमेर जिले के पदाधिकारी के साथ रणनीति पर मंथन करेंगे। रात करीब 10 बजे जोधपुर एयरपोर्ट से दिल्ली के रवाना हो जाएंगे। नड्डा 18 अक्टूबर को कोटा और अजमेर संभाग दौरे पर आएंगे।

### दूसरी लिस्ट को लेकर होगी चर्चा

बीजेपी अध्यक्ष प्रदेश में भाजपा की दूसरी सूची को लेकर भी मंथन करेंगे। वहीं दोनों संभागो की विधानसभा सीटों पर कार्यकर्ताओं से फीडबैक भी लेंगे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नड्डा पहली लिस्ट में जारी नामों पर भी मंथन करेंगे। गौरतलब है कि भाजपा की पहली सूची जारी होने के बाद प्रदेश कार्यालय और कई विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्त्ता का विरोध झेलना पड़ रहा हैं। इसको लेकर नड्डा डेमेज कंट्रोल करने की भी कोशिश करेंगे। वहीं भाजपा ज्यादा विरोध वाली सीटों पर पुनर्विचार भी कर सकती हैं।

**यात्रा से पहले 13 जिलों में कांग्रेस ने किया** 'मटका फोड़' प्रदर्शन

# ERCP यात्रा से कांग्रेस के मिशन रिपीट अभियान का आगाज आज

■ मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका व अन्य बड़े नेता करेंगे मोदी सरकार की घेराबंदी

**बेधड़क** | जयपुर

ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना बनाने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस केंद्र की भाजपा सरकार को घेरकर इस विधानसभा चुनावों के लिए अपने मिशन रिपीट अभियान का आगाज सोमवार से करेगी। अभियान के लिए कांग्रेस के आलाकमान तक राजस्थान में आएंगे।

ईआरसीपी यात्रा की शुरूआत राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सभा के साथ होगी। वहीं इस 5 दिवसीय यात्रा का समापन पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी की 20 अक्टूबर को होने वाली सभा के साथ होगा। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को मुद्दा बनाकर 16 अक्टूबर से राजस्थान कांग्रेस अपना चुनाव अभियान शुरू करने जा रही हैं।

कांग्रेस पार्टी इस अभियान की शुरुआत बारां जिले से करेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे डोल मेला ग्राउंड में सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान सीएम अशोक गहलोत, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा यात्रा और सभा में मौजूद रहेंगे। यह यात्रा 13 जिलों से निकलेगी। इस दौरान पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भी सभा हो सकती है। इस यात्रा के जरिए कांग्रेस ईआरसीपी से लाभांवित होने वाले 13 जिलों में पहुंचेगी। इस दौरान मोदी सरकार पर ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं देने का आरोप लगाते हुए घेरने का प्रयास करेगी। कांग्रेस सरकार में जल संसाधन मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय ने बताया कि कांग्रेस इस योजना की मांग को लेकर बारां से चुनावी बिगुल भी बजायेगी व इस योजना को राष्ट्रीय योजना घोषित करने की मांग करेगी।




### सभास्थल पर व्यवस्थाओं को लिया जायजा

कार्यक्रम को लेकर जलसंसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय, मंत्री प्रमोद जैन भाया और विधायक पानाचंद मेघवाल ने रविवार को सभा स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मालवीय ने इस दौरान केन्द्र सरकार व राजस्थान के 25 सांसदों पर निशाना साधते हुए कहा कि केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री की अनदेखी के चलते यह परियोजना राजस्थान में शुरू नहीं हो सकी। अगर केंद्रीय मंत्री और 25 भाजपा सांसद चाहते तो योजना का लाभ राजस्थान की जनता को मिल सकता था। ईआरसीपी पूर्वी राजस्थान की नहर परियोजना हैं। केन्द्र सरकार एवं 25 सांसदों ने कोई सहयोग नहीं किया।

### मटके फोड़कर जताया आक्रोश

13 जिलों में सोमवार से शुरू होने वाली यात्रा और सभाओं से पहले रविवार को इन जिलों में मंडल स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से केंद्र सरकार के खिलाफ खाली मटके लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पीसीसी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि केन्द्र सरकार ने ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं कर राजस्थान की जनता के साथ वादा खिलाफी की हैं। इसके विरोध में जन जागरण अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसके तहत इन जिलों में गांव-गांव, ढाणी ढाणी में खाली मटके रखकर प्रदर्शन किया गया। साथ ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा इस परियोजना को पूर्ण करने के लिए किया जा रहे कार्यों की जानकारी जनता को दी गई। बीते दिनों से इन 13 जिलों में आने वाली समस्त विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी सचिव अपने-अपने क्षेत्र में जन जागरण अभियान की तैयारी में जुटे हुए हैं।

**अब तक 28.61 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी**

# चुनाव में मतदाताओं को रिझाने के लिए अब ड्रग्स का भी सहारा

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य विधानसभा चुनावों में पकड़ी जा रही ड्रग्स को लेकर अब नारकोटिक्स विभाग सर्तक हो गया है। संभवतः यह पहला चुनाव होगा, जिसमें चुनावी रंग जमने से पूर्व ही निष्पक्ष चुनाव कराने को सक्रिय एजेंसियों ने ड्रग्स की खेप पकड़ना शुरू कर दिया है।

आचार संहिता लगने से अब तक 28.61 करोड़ रुपए मूल्य की ड्रग्स पकड़े जाने की सूचना है। बताया जाता है कि इससे पूर्व पश्चिमी राजस्थान में चुनाव के दौरान अफीम जरूर पकड़ी जाती थी, लेकिन ड्रग्स पकड़ने के मामले आने वाले समय में और बढ़ भी सकते हैं। राज्य चुनाव आयोग की ओर से जारी सूचना में बताया गया है कि प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार गत डेढ़ माह में एजेंसियों ने 221.2 करोड़ रुपए से अधिक की कीमत के ड्रग्स, शराब, सोना व नकदी पकड़ी है। इसमें आचार संहिता लगने से अब तक 7 करोड़ 48 लाख रुपए की नकदी, 4 करोड़ 75 लाख रुपए की शराब और 5.76 करोड़ रूपए का सोना-चांदी जब्त किया गया है। जबकि फ्रीबीज 16.72 करोड़ के जब्ती की गई है। रविवार को बूंदी में सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायत पर मात्र 11 मिनट में कार्रवाई कर अवैध शराब जब्त कर ली गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सी-विजिल एप पर बूंदी में सुबह 9 बजकर 23 मिनट पर अवैध शराब के वितरण की शिकायत मिली। इस पर उडन दस्ते ने रिकॉर्ड 11 मिनट में कार्रवाई को अंजाम दिया। गौरतलब है कि आचार संहिता लागू होने से अब तक प्रदेश में 1 लाख 35 हजार 819 लोगों द्वारा सी विजिल एप डाउनलोड किया है।

### 16 करोड़ की अवैध सामग्री बरामद

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शनिवार को भी एजेंसियों ने 16 करोड़ रुपए से ज्यादा के ड्रग्स, शराब, सोना, फ्रीबीज व नकदी पकड़ा थी। आचार संहिता लागू होने से अब तक एजेंसियां 63 करोड़ रूपए से ज्यादा कीमत की अवैध सामग्री जब्त कर चुकी है। गुप्ता ने दावा किया है कि प्रदेश भर में विभागों के विशेष सतर्कता दलों द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसी भी संदेहास्पद मामले पर त्वरित कार्रवाई भी की जा रही है।

**साढ़े चार साल में** पहली बार मांगी खातों की डिटेल

# एसओजी जो जानकारी मांग रहा वह पहले ही दे चुका: शेखावत

■ मंत्री ने कार्रवाई को बताया राजनीति से प्रेरित

**बेधड़क** | जोधपुर



केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एसओजी के नोटिस पर कहा कि इसमें जो जानकारी अब मांगी गई है, वह मैं पहले ही दो बार सभी दस्तावेजों के साथ दे चुका हूं। मैं एसओजी से कह चुका हूं कि आप जो जांचकर रहे हो, उसमें किसी तरह का पॉलिटिकल इंटरेस्ट और एंगल नहीं हो। शेखावत ने रविवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कितना हास्यास्पद है, पिछले साढ़े चार साल में मुख्यमंत्री जी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस, पब्लिक मीटिंग, कांग्रेस मीटिंग और सरकारी मीटिंग में बात करते हुए अनेक बार मेरे ऊपर आरोप लगाए। अब साढ़े चार साल बाद पहली बार मुझे खातों की डिटेल देने के लिए नोटिस दिया गया। यह कितना पॉलिटिकल मोटिवेटेड है।

जो जानकारी मांगी गई है। वह मैं वर्ष 2020 और 2022 में बिना मांगे लिखकर एसओजी को दे चुका हूं।

**भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने** कांग्रेस पर बोला जुबानी हमला

# कांग्रेस की अगस्त में सूची जारी करने के दावों की निकली हवा: लक्ष्मीकांत

**बेधड़क** | जयपुर



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कांग्रेस के अगस्त माह में सूची जारी करने के दावों को फुस्स बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 41 उम्मीदवारों के नाम की सूची जारी कर दी हैं जिससे प्रदेशभर में कार्यकर्ताओं और जनता में अति उत्साह का माहौल है। इन क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ता चुनाव्र प्रचार में जुट गए हैं, जो इस महाभ्रष्ट कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने लिए कृतसंकल्पित हैं। भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की राजस्थान में अभी तक पहली सूची तक जारी नहीं हो पाई है।

कांग्रेस में भीतरीघात और गुटबाजी हावी है जो पांच सालों में जनता ने देखी है। जब पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच तीखी बयान बाजी हुई और इनकी सरकार गिरने तक की नौबत तक आ गई। ऐसी पार्टी में टिकट सूची पर कोई निर्णय नहीं होना कांग्रेस में गुटबाजी को दर्शाता है।

भारद्वाज ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा था कि कांग्रेस की सूची अगस्त माह में आ जाएगी, लेकिन कोई सूची नहीं आई। मुख्यमंत्री का कार्यकर्ताओं और दावेदारों से नहीं मिलना, उनको नजरअंदाज करना इनकी पार्टी की कार्यशैली को बताता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तय नहीं कर पा रही कि टिकट किसे दी जाए क्योंकि कांग्रेस के विधायको व मंत्रियों का जमीनी स्तर पर घोर विरोध है।

पिछले दिनों ही कांग्रेस के पर्यवेक्षकों के दौरों के दौरान भी उनकी मौजूदगी में मारपीट की घटनाएं हुईं। उनके क्षेत्र में कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। इस कारण प्रत्याशी सूची के आने में देरी हो रही है।

**नवरात्र शुरू होते ही चुनाव प्रचार का आगाज**

# मंदिरों में धोक लगाने के बाद वोट की खातिर जनता के दरबार में हाजिरी

**बेधड़क** | जयपुर

शहर के दो सीटों पर भाजपा के घोषित प्रत्याशियों ने नवरात्र के शुरू होते ही अपने-अपने इलाकों में देव दर्शन यात्रा से चुनावी प्रचार का आगाज कर दिया है। विद्याधर नगर से भाजपा प्रत्याशी और सांसद दीया कुमारी तारा नगर स्थित गणेश मंदिर में धोक लगाकर प्रचार की शुरूआत की।

वहीं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी कर्नल राज्यवर्धन सिंह ने झारखंड महादेव मंदिर जाकर अपने कार्यकर्ताओं और धर्मपत्नी के साथ पूजा अर्चना कर प्रचार अभियान शुरू किया। जन सम्पर्क के दौरान प्रत्याशियों को स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याएं भी बताई।

■ विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में दीया और झोटवाड़ा से राज्यवर्धन ने शुरू किया प्रचार

### दीया ने देव दर्शन से किया जनसम्पर्क का शुभारंभ

राजसमंद सांसद और विद्याधर नगर प्रत्याशी दीया कुमारी ने रविवार को देव दर्शन के साथ क्षेत्रवासियों से जनसम्पर्क शुरू किया। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल अंबा माताजी मंदिर अंबाबाड़ी, ढ़ेहर के बालाजी, सियाराम बाबा की बगीची अंबाबाड़ी, पापड़ के हनुमान, भूतेश्वर महादेव मंदिर में भी अपनी जीत की मनोकामना मांगी। इस अवसर पर विद्याधर नगर स्टेडियम में श्री राम कथा की आरती में भी शामिल हुई। वहीं शाम को श्री अग्रसेन जी की जयंती पर शोभायात्रा में शामिल हुई। प्रचार अभियान में उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा।



### काले झंडे दिखाने वालों को खिलाई मिठाई

जोबनेर में जनसम्पर्क के दौरान सांसद राठौड़ का विरोध करते हुए स्थानीय लोगों ने काले झंडे दिखा दिए। इस दौरान उन्होंने राजपाल सिंह के समर्थन में नारे भी लगाए। हालांकि इस दौरान राठौड़ ने काले झण्डे दिखाने वालों को मिठाई खिलाई और गले मिलकर अभिनन्दन किया। गौरतलब है कि भाजपा की ओर से झोटवाडा में राज्यवर्धन सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद से ही क्षेत्र में लगातार विरोध किया जा रहा है। झोटवाडा से पूर्व मंत्री राजपाल शेखावत और आशू सिंह सूरपुरा दोनों ने ही भाजपा के टिकिट की मांग की थी।

### क्षेत्र में जनसम्पर्क कर मांगा समर्थन

वहीं झोटवाडा विधानसभा से उम्मीदवार बनाए सांसद राज्यवर्धन सिंह ने क्षेत्र के लोगों से जनसम्पर्क कर चुनाव में समर्थन मांगा। इस दौरान कर्नल राठौड़ झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न जनसंपर्क कार्यक्रमों में मौजूद रहे। उन्होंने गणेश मंदिर, राजेन्द्र नगर, झारखंड महादेव मंदिर में दर्शन करने के बाद झारखंड मोड़ पर लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शाम को वे कालवाड स्थित नदी वाले बालाजी पहुंचे। इसके बाद पूर्व विधायक स्व. गोपीराम जी जाट स्मृति स्थल पर माल्यार्पण किया। नवरात्र के अवसर पर उन्होंने जोबनेर ज्वाला माता मंदिर में भी धोक लगाकर जीत की कामना की।



## जरूरी खबर

### दूसरे दिन मां ब्रह्माचारिणी की आराधना



नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के दूसरे रूप मां ब्रह्माचारिणी की पूजा की जाती है। शिवजी से विवाह के लिए प्रतिबद्ध होने के कारण इन्हें ब्रह्माचारिणी कहा गया है। इन्हें ज्ञान और तप की देवी भी कहा जाता है। मां ब्रह्माचारिणी का स्वरूप अत्यंत ही भव्य और पूर्ण ज्योतिर्मय है। मां ब्रह्मचारिणी के दाहिने हाथ में जप की माला होती है और बाएं हाथ में कमण्डल है। मां ब्रह्मचारिणी को साक्षात ब्रह्म का स्वरूप माना गया है।

#### पूजा के समय इस मंत्र का करें जाप

**दधाना करपद्माभ्याम
क्षमालाकमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

### मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास युवक की हत्या

**जयपुर।** राजधानी के मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास एक युवक की हत्या कर दी गई। रविवार सुबह उसका शव पड़ा मिलने पर सनसनी फैल गई। मानसरोवर थाना पुलिस ने मौके से सबूत जुटाए। पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने के साथ हत्यारों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान बुधराम (30) निवासी थानागाजी अलवर के रूप में हुई है। वह मकान बनाने का काम करता था। शनिवार सुबह वह अपने घर से जयपुर आया था। देर रात मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास उसकी हत्या कर दी गई। रविवार सुबह युवक का शव पड़ा देखकर सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर मानसरोवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में गर्दन पर चोट के निशान मिले हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**आदर्श नगर में तैयार किया जा रहा है 120 फीट का रावण और 95 फीट का कुंभकर्ण का पुतला**

# मुस्लिम परिवार बनाता है रावण, एक महीने रहते हैं शाकाहार

बेधड़क | जयपुर

नवरात्र के दसवें दिन आश्विन शुक्ल दशमी पर असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया जाएगा। राजधानी में भी दशहरे पर रावण दहन का भव्य आयोजन किया जाता है। शहर के आदर्श नगर में इस बार 120 फीट का रावण और 95 फीट का कुंभकर्ण का पुतला तैयार किया जा रहा है। इन दोनों को मथुरा का एक मुस्लिम परिवार तैयार रहा है। रावण को बनाने के लिए चांद बाबू और उनका परिवार दिन रात जुटा हुआ है। इस बार कच्ची सामग्री के महंगा मिलने के



कारण यह परिवार संकट से गुजर रहा है। चांद बाबू का कहना है कि हम पिछले कई सालों से रावण बना रहे हैं। हर बार आमजन के लिए कुछ नयापन लेकर आते हैं, लेकिन इस बार रावण निर्माण की कच्ची सामग्री महंगी होने के कारण रावण बनाने में परेशानी हो रही है।



### रावण-कुंभकरण पर रिमोट से होगी आतिशबाजी

चांद बाबू ने बताया कि उनके पिता लखो भाई से उन्होंने ये कला सीखी है। अभी उनका बेटा राजा खान भी इस काम में हाथ बंटा रहा है। रावण बनाने का कार्य पिछले एक महीने से चल रहा है। इस बार नई डिजाइन का मुकुट बनाया है, जो दर्शको को आकर्षित लगेगा। इस बार रावण की लम्बाई 120 फीट और कुंभकर्ण की 95 फीट होगी। इसका ढांचा तैयार कर क्रेन की सहायता से दशहरा मैदान में ले जाया जाएगा। मैदान पर ही करीब 70 फीट लम्बा और 60 फीट चौड़े टेंट में रावण और कुम्भकरण के पुतले को पूर्ण रूप देने की तैयारी की जा रही है। इस बार हजारों की संख्या में आए दर्शको को रावण जलने से पूर्व 30 मिनिट तक अद्भुत रिमोट कंट्रोल के द्वारा आतिशबाजी का नजारा देखने को मिलेगा।

### पुरखों के दिए वादे को निभा रहे

चांद बाबू ने बताया कि हमारा परिवार कई दशकों से जयपुर में रावण बना रहा है। हाल में उनके पिता का निधन होने के कारण वे कहते है कि मंहगाई के इस जमाने में परिवार का खर्च भी बड़ी मुश्किल से चलता है, लेकिन अपने पुरूखों के दिए वादे के कारण वे इस कार्य से जुडे हुए हैं। हालांकि, रावण बनाने में बहुत खुशी होती है। पूरा परिवार साथ लेकर एक महीने पहले जयपुर आकर बस जाते हैं और रावण बनाने में जुट जाते हैं।

### दशहरा मैदान का रावण सबसे सुंदर दिखे

मथुरा के चांद बाबू का पेशा टेलर का है, लेकिन जैसे ही दशहरे का पर्व नजदीक आता है, सब कुछ बंद कर एक महीने पहले ही परिवार के साथ जयपुर चले आते हैं। इस एक महीने तक मेरा पूरा परिवार मीट तक नहीं खाते। जब तक श्री राम मंदिर में रहते हैं, एक महीने तक दाल-रोटी बना कर खाते हैं। दिन रात बस यही सोच कर रावण बनाने में लग जाते हैं कि राजस्थान में दशहरा मैदान का रावण सबसे सुंदर दिखे।

**ठगों के गढ़ में CID-CB की दस्तक, 3 महीने में 300 फर्जी खाते पकड़े**

# प्राइवेट बैंक कर्मचारियों की मदद से हो रहे लोगों के अकाउंट खाली

हिमांशु शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश में फैले साइबर ठगों के नेटवर्क को निजी बैंकों में बैठे कर्मचारी मदद कर रहे हैं। यह हम नहीं कह रहे, बल्कि पहली बार पुलिस मुख्यालय की सीआईडी-सीबी की टीम ने एक्शन प्लान बनाकर साइबर ठगों के गढ़ में दस्तक दी तो यह महत्वपूर्ण खुलासा हुआ। गत तीन माह में हुई कार्रवाई में सीआईडी-सीबी की टीम को 300 से ज्यादा फर्जी बैंक खाते पकड़ में आए।

यह कार्रवाई 20 जुलाई के बाद से लेकर अब तक की है। इन तीन माह की ही बात करें तो हर माह साइबर ठगों पर होने वाली कार्रवाई में करीब 100 बैंक अकाउंट फर्जी पकड़ में आ रहे हैं। अब तक पकड़े गए फर्जी एटीएम और बैक अकाउंट की पुलिस मुख्यालय ने पड़ताल की तो यह अहम खुलासे हुए।

खास बात यह रही कि इनमें एक भी अकाउंट एसबीआई या अन्य सरकारी उपक्रम के बैंक का नहीं हैं। ठग जिस अकाउंट में ठगी में पैसा ट्रांसफर करवाते हैं, वह सभी प्राइवेट सेक्टर के बैंकों से जुड़े हैं। अब तक पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि वह निजी बैंककर्मियों की मिलीभगत, बिना वैरिफिकेशन और फर्जी दस्तावेजों से यह अकाउंट खुलवाते हैं।



### दिनेश एमएन के एक्शन प्लान से मेवात में पहली बार दस्तक


प्रदेश में लगातार हो रही साइबर क्राइम की घटनाओं से आमजन के मेहनत की कमाई को साफ होता देख एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने अपनी पूरी टीम के साथ एक्शन प्लान तैयार किया और पहली बार सीआईडीसीबी की टीम को साथ लेकर भरतपुर व अलवर के मेवात इलाके में साइबर ठगों के गढ़ में दस्तक दी। यहां पर 20 जुलाई को पहली कार्रवाई की। पहली बार में ही 102 फर्जी एटीएम और बैंक अकाउंट हाथ लगे। इसके बाद टीम ने लगातार कार्रवाई को अंजाम दिया तो एक जगह से 15, फिर 28, 25,26, 75 और 37 फर्जी एटीएम व अकाउंट एक साथ बल्क में पकड़े। उनकी छानबीन की तो पता लगा कि यह सभी अकाउंट बैंक कर्मियों की मिलीभगत से फर्जी दस्तावेजों के आधार बिना वैरिफिकेशन ही खुल गए।

### 15 दिन खाता बंद नहीं होने की गारंटी

कुछ लोग ठगों को फर्जी बैंक अकाउंट और एटीएम उपलब्ध करवाने का काम कर रहे हैं। इससे आमजन से ई-ठगी की वारदात करने में ना सिर्फ प्रदेश के ठगों का हाथ है, बल्कि बाहरी राज्यों के बैंकों में काम करने वाले कर्मचारियों की मिलीभगत भी सामने आ रही है। सीआईडी-सीबी के हत्थे चढ़े आरोपियों ने खुलासा किया है कि वह मध्यप्रदेश बिहार तक के निजी बैंक में फर्जी अकाउंट खुलवाकर उसके एटीएम लेकर राजस्थान के ठगों को बेचते तक हैं। उसको बेचने के लिए साइबर ठग गिरोह को 15 दिन तक बैंक खाता बंद नहीं होने की गारंटी देते हैं। साथ ही यह भी गारंटी देते हैं कि जिससे ठगी हुई है वह पीड़ित अगर नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल या पुलिस को रिपोर्ट करेगा तो भी ठगी का पैसा बदमाश का वह गारंटी से लाकर देगा। फर्जी बैंक अकाउंट लाने वाले ठगों को गारंटी देते है कि उनका अकाउंट सीज हुआ तो भी गारंटी से पैसा मिलेगा। इसके बदले में वह प्रति अकाउंट कुछ रुपए बदमाशों से लेते हैं। ठगी करने वाले बदमाश अपना शिकार बनाने के बाद इन फर्जी अकाउंट्स में लाखों रुपए ट्रांसफर करवा लेते हैं। अगर पुलिस में शिकायत के बाद कोई खाता सील भी होता तो जिस बैंक में फर्जी खात खुला होता है। उसके कर्मचारी से सेटिंग कर वहां बैंक में मौजूद चैकबुक से बैंक में खाता सील करने की मेल पहुंचने के साथ ही पैसा निकलवा लेते हैं और पैसा राजस्थान में बैठे ठग को कैश पहुंचा देते हैं। ऐसे में जिस खाते का एटीएम सीज होने वाला होता था उसका भी पैसा ठगों तक पहुंच जाता है। वहीं, बैंक कर्मी खाता सीज करने की प्रोसेस में ही इतना समय लगा देते है कि ठग एटीएम से भी पैसे निकाल लेते हैं। यही कारण है कि 3 माह की कार्रवाई में लोगों से ठगी गई 15 लाख की नकदी भी मिली है।

**जयंती पर निकाली शोभायात्रा**

# हाथी, ऊंट, घोड़े और बैंड बाजों के साथ रथ पर निकले अग्रसेन महाराज



बेधड़क | जयपुर

अग्रसेन महाराज की जयंती पर अग्रवाल समाज सेवा समिति, टोंक रोड की ओर से रविवार को शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा शाम 4 बजे अग्रवाल सेवा सदन चांदपोल बाजार से शुरू हुई, जो छोटी चौपड़ त्रिपोलिया गेट बड़ी चौपड़ होते हुए अग्रसेन कटला पहुंची।

श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव 2023 शोभायात्रा के उपाध्यक्ष पवन गोयल ने बताया कि हाथी, ऊंट, घोड़े और बैंड बाजों के साथ निकाली गई शोभायात्रा में अलग-अलग रथों पर कई संत महात्मा विराजमान हुए।

साथ ही 20 से अधिक देवी देवताओं की झांकी भी सजाई गई। इसमें आगे भगवान गणेश, देवी दुर्गा, भगवान विष्णु समेत कई देवता विराजमान हुए। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। 20 से अधिक स्वागत मंच बनाए गए।

भगवान श्री अग्रसेन महाराज को 14 फीट के रथ पर सवार किया गया। पूरे रास्ते में भगवान अग्रसेन की आरती उतारी गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष केके सिंघल ने बताया कि मुख्य अतिथि अशोक सिंघल, विधायक कालीचरण सर्राफ, विशिष्ठ अतिथि पवन गोयल, ओमप्रकाश गुप्ता, एडवोकेट जीडी बंसल, पूर्व आरएएस आरएस गुप्ता, मुरारी लाल गुप्ता, रामलाल अग्रवाल, संयुक्त अभिभावक संघ राजस्थान प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू इत्यादि मौजूद रहे।

**संस्कृत शिक्षा विभागीय शैक्षिक सम्मेलन**

# शिक्षक और शिक्षार्थी हितों पर मंथन

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ के जयपुर जिला सम्मेलन का आयोजन बिलोची स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ और अध्यक्षता संभागीय कार्यालय जयपुर सम्भाग उपनिरीक्षक दुर्गाप्रसाद शर्मा ने की।

मुख्य अतिथि अशोक तिवाड़ी ने कहा कि सम्मेलन मे शिक्षक और शिक्षार्थी हितों के साथ आगामी योजनाओं को लेकर चर्चा की गई। जल्द ही संस्कृत शिक्षा में



सभी जिला मुख्यालयों पर जिला शिक्षा अधिकारी के पद के साथ तीन नए सम्भाग मुख्यालय पर सम्भाग के कार्यालय खुलवाने, मंडल व्यवस्था के अधिकारों के लिए संगठन आने वाले समय मे बड़ा कदम उठाएगा, ताकि प्रदेश स्तर पर शिक्षकों को आ रही छोटी से बड़ी समस्याओं का निराकरण जिला और संभाग स्तर पर हो सके। शिक्षकों को पदोन्नति मे विशेष लाभ मिले, जिससे पश्चिमी राजस्थान मे शिक्षकों का ठहराव हो, इसके साथ ही 35 सूत्रीय मांग पत्र ज्ञापन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष विकाश भारद्वाज, सम्भागीय अध्यक्ष कृष्णावतार शर्मा, महामंत्री रामनरेश दोतोलिया, जिला महामंत्री रामफूल सोढ, जिला उपाध्यक्ष गजेन्द्र पहाड़िया, राकेश खींची, जगदीश जाट, विकास चुलेट, सुरेश कुमार, दीपक कुमार, चंद्रकांत कानाराम, बहादुर, अनिल, दरिया सहित अनेक शिक्षक मोजूद रहे।

**SC के आदेश के बाद भी रिजर्व दर से ढाई गुणा ज्यादा वसूली**

# लोहा मंडी से सोना बनाने की फिराक में जेडीए

बेधड़क | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण के अफसरों को लोहामंडी माचेड़ा की विवादित जमीन में अचानक सोना नजर आने लगा है।

20 साल के संघर्ष के बाद पुराने आवंटियों से लेकर काश्तकारों और अन्य के मामलों का सुप्रीम कोर्ट ने तीन माह में समाधान करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन जेडीए ने पुराने आवंटियों को करीब ढाई गुना ज्यादा नए रिजर्व प्राइस की 25 प्रतिशत रकम जमा कराने के नोटिस जारी कर दिए। लोगों का कहना है कि



जब एंपावर्ड कमेटी के निर्णय और सुप्रीम कोर्ट में जेडीए द्वारा पेश शपथ पत्र में स्कीम की दर 11 हजार है तो फिर जेडीए किस अधिकार से 25,200 रुपए की दर लगा रहा है। ऐसे में सैकड़ों प्लॉट आवंटी, काश्तकार और अन्य लोग परेशान होकर भटक रहे हैं। दरअसल माचेड़ा की लोहामंडी योजना के विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने 7 अगस्त 2023 को जेडीए को निर्देश दिए कि आवंटियों के मामलों का तीन माह में उचित निस्तारण कर रिपोर्ट पेश करें।

विवाद सुप्रीम कोर्ट में था, यहां की रिजर्व प्राइस पहले 11,000 रुपए थी। इसी बीच जेडीए ने अप्रत्याशित तरीके से बढ़ोतरी करते हुए रिजर्व प्राइस 25, 200 रुपए कर दिए गए। अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद जेडीए ने नए रिजर्व प्राइस के आधार पर डिमांड नोटिस देना शुरु कर दिया।

हरमाड़ा के पास माचेड़ा में जेडीए ने वर्ष 2000 में लोहा व्यापारियों व अन्य के लिए स्पेशलाइज जोन तैयार करने की स्कीम लॉन्च की थी। इस योजना को वृह्द बनाने के लिए आसपास की करीब साढ़े तीन सौ बीघा जमीन अवाप्ति कर ली। उससे पहले 90B में भूमि का प्रयोग नियम बदल चुका चुका था, ऐसे में आवंटी कोर्ट चले गए।

**घट स्थापना के साथ हुई शक्ति के उपासना पर्व की शुरुआत**

# या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता... घर-घर में विराजीं मां दुर्गा

बेधड़क | जयपुर

शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र रविवार से शुरू हो गया। घर-घर और मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही नौ दिवसीय व्रत, पूजन और अनुष्ठान शुरू हो गए है। इस अवसर पर देवी की प्रतिमाओं का अभिषेक, श्रृंगार, पूजन कर विशेष आरती की गई।

सुबह से ही माता के मंदिरों में देवी मूर्तियों के दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हो गया, जो नौ दिन तक निरंतर जारी रहेगा। मंदिर परिसर में झालर की झंकार, घंटियों की टंकार और माता के जयकारे गूंज रहे हैं। मंदिरों के साथ ही घरों में भी नौ दिवसीय पूजन अनुष्ठान शुरू हो गए। शहर के आमेर में शिला माता



मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दिन भर श्रद्धालुओं मातारानी के दर्शन कर मनोकामना मांगी।

### बाजार में हुई जमकर खरीदारी

इस अवसर पर शुभ कार्यो की भी खरीदारी शुरू हो गई। पिछले 15 दिन से श्राद्ध पक्ष होने के कारण राजधानी के बाजारों में फैला सन्नाटा पहले नवरात्र पर ही गायब हो गया। लोगों ने नए वाहन, इलेक्ट्रोनिक आइटम और ज्वेलरी की खरीदारी की। शहर के परकोटा, एमआई रोड, जयंती बाजार, वैशाली नगर इलाकों में सडकों पर जाम की स्थिति बनी रही।

### राज्यपाल ने की माता की पूजा-अर्चना

राज्यपाल कलराज मिश्र और राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र ने रविवार को शारदीय नवरात्र के घट स्थापना पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। राज्यपाल मिश्र ने देवी आराधना कर राज्य की खुशहाली, समृद्धि और सम्पन्नता के लिए कामना की।



### शिला माता मंदिर में अभिजित मुहूर्त में हुई घट स्थापना

आमेर स्थित शिला माता मंदिर के मुख्य पुजारी बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि मंदिर में घट स्थापना का अभिजीत मुहुर्त दोपहर 11:55 हुई। घट स्थापना के बाद श्रद्धालु 12.55 बजे से माता रानी के दर्शन शुरू हो गए हैं। नवरात्र के 9 दिनों तक दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाएगा। इस दौरान 10 महाविद्याओं के पाठ और प्रतिदिन हवन करने के साथ कन्या बटुक का पूजन होता है। माता के दर्शन के लिए पूर्व राजपरिवार के सदस्य भी मंदिर आएंगे। इस दौरान आमेर महल में मेला भरेगा। नवरात्र को लेकर मंदिर में विशेष तैयारियां की गई हैं।

### मंदिरों में शुरू हुए अनुष्ठान, नौ दिन तक चलेंगे सप्तशती के पाठ

ठिकाना मंदिर गोविंद देवजी के अधीनस्थ कनक घाटी स्थित मनसा माता मंदिर में घट स्थापना 11:15 बजे हुई। घट स्थापना के बाद कल्पारंभ विहत पूजा, व्रत आंरभ, चंडी पाठ,श्रृंगार, भोग, आरती और पुष्पाजंलि के कार्यक्रम किए गए। गोविंद देवजी मंदिर के प्रबंधक मानस गोस्वामी ने बताया कि इस अवसर पर मातारानी को लाल रंग की चूनरी धारण कराई गई। पंचवटी सर्किल राजापार्क स्थित वैष्णो देवी मंदिर में सुबह छह बजे घट स्थापना की गई। बंध की घाटी स्थित राजराजेश्वरी माता का मंदिर में भी 11 पंडित 9 दिनों तक दुर्गा सप्तशती का पाठ करेंगे। विजय महल बंध की घाटी स्थित लगभग 2000 वर्ष प्राचीन अन्नपूर्णेश्वरी माता मंदिर में भी नवरात्र के 9 दिनों तक यहां 21 पंडित शक्ति की आराधना करेंगे। यहां देवी की आराधना के लिए वेदी तैयार किए गए है। जहां घट स्थापना कर दुर्गासप्तशति के पाठ किए जाएंगे।

**‖ जरूरी खबर ‖**

### घट स्थापना के साथ जीणमाता का मेला शुरू



**सीकर।** पहले नवरात्रा के साथ ही रविवार को जीण माता का मेला शुरू हो गया। पहले ही दिन मंदिर में हजारों की संख्या में भक्त दर्शन करने के लिए पहुंचे। इस मौके पर माता का कोलकाता और दिल्ली के फूलों से श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही दिल्ली में तैयार हुई पोशाक माता को धारण करवाई गई। मेले में सुरक्षा व्यवस्था में 325 पुलिस और होमगार्ड के जवान लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 125 सिक्योरिटी गार्ड मंदिर समिति की तरफ से लगाए गए हैं। ऐसे में जीणमाता में कुल 450 सुरक्षाकर्मी व्यवस्था संभाल रहे हैं। इसके अतिरिक्त दर्जनों सीसीटीवी कैमरों से पूरे मेले की निगरानी की जा रही है।

### झाड़ियों में युवक की लाश मिलने से फैली सनसनी

**बीकानेर।** जिले के नापासर थाना क्षेत्र में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचाया। थानाधिकारी संदीप पुनिया ने बताया की नापासर थाना क्षेत्र के रामसर गांव से मुंडसर जाने वाली कांकरिया रोड पर रामसर से थोड़ा सा दूर सड़क के पास कींकर पेड़ों के पास 35 वर्षीय युवक की लाश मिली हैं। उसकी पहचान जगदीश पुत्र गोपाल राम मेघवाल निवासी रामसर के रूप में हुई हैं। एसएफएल टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए।

### धूमधाम से निकाली अग्रसेन जयंती शोभायात्रा



**कोटा।** रामगंज मंडी में रविवार को महाराज अग्रसेन की 5177वीं जयंती के मौके पर अग्रवाल समाज के अराध्य महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शहर के अग्रसेन अतिथि गृह से रथ को आकर्षक सजाकर महाराजा को विराजित कर शोभायात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा का शहर में मुख्य मार्गों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत हुआ। यात्रा में अग्रवाल समाज के पुरुषों ने परंपरागत सफेद वस्त्र पहने। महिलाएं कलश पर मंगल कलश लेकर साथ चल रहीं थीं। यात्रा में भजनों की धुन पर श्रद्धालु आनंदित हो झूमते नाचते चल रहे थे। यात्रा का मार्ग में जगह-जगह स्वागत किया गया।

**आरोपी दुबई में बैठकर चलाता था गिरोह, कोर्ट ने 21 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड पर सौंपा**

# योजनाओं का लालच दे करोड़ों की ठगी के सरगना को दबोचा

बेधड़क | प्रतापगढ़

राजस्थान की प्रतापगढ़ पुलिस ने सरकारी योजना का लालच देकर फर्जी अकांउट खुलवाकर करोड़ों रुपए की ठगी करने के मामले में मुख्य आरोपी को रविवार को मुम्बई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने लुक आउट नोटिस जारी कर रखा था।



आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 21 अक्टूबर तक के लिए पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। वहीं, पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। साथ ही 68 खातों को फ्रिज करवाया गया था। इन खातों से करीब 2 हजार करोड़ का लेनदेन होना सामने आया था। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि गिरोह का मुख्य सरगना मध्यप्रदेश के रतलाम निवासी मृगांक मिश्रा पिछले पांच महीने से फरार चल रहा था। प्रतापगढ़ के कुछ लोगों ने मई 2023 में कोतवाली में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया था कि सरकारी योजना के तहत रुपए का लालच देकर उनके नाम से बैंक में खाते खुलवाए गए। उन्हें बताया गया कि इन खातों में सरकारी योजना के तहत रुपए डलवाए जाएंगे। उनके नाम से सिम कार्ड भी जारी करवाए गए। रिपोर्ट में बताया कि बाद में बैंक की तरफ से जानकारी दी गई कि उनके खातों में ज्यादा ट्रांजेक्शन हो रहा है, जिसके बारे में परिवादी को कुछ पता नहीं था। इस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

#### साइबर टीम ने खातों को माना संदिग्ध

एसपी ने बताया कि इस केस की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। साइबर टीम ने कार्रवाई करते हुए इन खातों को संदिग्ध माना और डेबिट फ्रिज करवाया। इन खातों से संदिग्ध राशि जिन खातों में ट्रांसफर की गई, ऐसे 90 से ज्यादा खातों का अब तक पता लगाया जा चुका है। जब इन खातों का पुलिस ने विश्लेषण किया गया तो सामने आया कि यह रकम आईपीएल सट्टे और अन्य संदिग्ध कार्यों में जमा की गई थी। इन सभी खातों को डेबिट फ्रिज करवाकर अभी तक 3 करोड़ 88 लाख 29 हजार 178 रुपए की संदिग्ध रकम होल्ड करवाई गई है। वहीं, पुलिस फर्जी खाते खुलवाने वाले 4 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। उनके पास से 20 से ज्यादा डेबिट, क्रेडिट कार्ड जब्त किए गए।

#### लुकआउट नोटिस किया था जारी

एसपी ने बताया कि इस मामले में मुख्य सरगना मृगांक मिश्रा निवासी रतलाम एमपी हाल निवासी मुम्बई की तलाश की गई। जांच में सामने आया कि वह दुबई में रह रहा है और वहीं से अवैध गतिविधियां संचालित कर रहा था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए लुक आउट नोटिस जारी किया था। तकनीकी आधार पर पुलिस ने जानकारी जुटाई कि वह 14 अक्टूबर को भारत आएगा और मुम्बई एयरपोर्ट पर उतरेगा। पुलिस टीम मुम्बई पहुंची और छत्रपति शिवाजी एयरपोर्ट से मुख्य आरोपी को डिटेन किया गया।

#### ये आरोपी हो चुके गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी महादेव ऑनलाइन ग्रुप का संचालक है। वह दुबई से ही भारत में ऑनलाइन सट्टेबाजी का काम करता है। इस मामले में संजय निवासी रठांजना, शुभम निवासी भाटपुरा प्रतापगढ़, रुद्राक्ष निवासी बाहुबली कॉलोनी प्रतापगढ़, अमन निवासी रतलाम को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**क्रूजर को पीछे से मारी टक्कर, वाहन में फंसे शव**

# ब्रेक फेल होने से बेकाबू हुआ ट्रक सात लोगों की लील गया जान

बेधड़क | डूंगरपुर।

जिले में दिल्ली-मुंबई नेशनल हाईवे-48 पर ब्रेक फेल होने से बेकाबू हुआ ट्रक सात लोगों के लिए काल बन गया। इस हादसे में दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रविवार दोपहर करीब 2.30 बजे हाईवे पर चलते ट्रक के अचानक से ब्रेक फेल हो गए। हादसा डूंगरपुर के बिछीवाड़ा इलाके में हुआ।

एसपी कुंदन कवरिया ने बताया कि बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के रतनपुर बॉर्डर के पास ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद बेकाबू ट्रक ने आगे चल रही क्रूजर को जोरदार टक्कर मार दी। इसके चलते 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। हादसा इतना भीषण था कि एक-एक कर सात लाशें सड़क पर बिखर गईं।



रतनपुर पुलिस चौकी समेत बिछीवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। शवों और घायलों को एंबुलेंस के जरिए डूंगरपुर अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ घायलों को गुजरात के साबरकांटा जिले के शामलाजी कस्बे के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, एक शव को भी शामलाजी अस्पताल में भेजा गया है। हादसे में घायल डूंगरपुर के हीराता निवासी राहुल ने बताया कि मैं क्रूजर में आगे बैठा था। गाड़ी तेज रफ्तार से चल रही थी। ऊपर-नीचे सवारियां भरी हुई थीं। ट्रक की टक्कर से क्रूजर 2 बार पलटी खा गई। फिर ट्रक गाड़ी के ऊपर चढ़ गया। इसके बाद मैं भी बेहोश हो गया। घटना की सूचना पर कलेक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री और एसपी कुंदन कवरिया सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचे।

दोनों ही अधिकारियों ने बिछीवाड़ा थानाधिकारी से घटना की जानकारी ली। इसके बाद दोनों डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचे। डॉ. महेंद्र डामोर को उनके इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

#### क्रूजर के अंदर व छत पर बैठे थे लोग

क्रूजर की क्षमता 14 सवारियों की थी, लेकिन इसमें 21 यात्री सवार थे। गाड़ी के अंदर ठसाठस यात्री बैठे हुए थे वहीं छत भी सवारियां बैठी थीं। डूंगरपुर जिले के अलग-अलग इलाकों से ये लोग गुजरात मजदूरी करने जा रहे थे। यही लोग घायल और मृतकों में शामिल हैं। सागवाड़ा से डूंगरपुर शहर होकर क्रूजर गुजरात जा रही थी। सागवाड़ा, हिराता, डूंगरपुर शहर, थाणा और बिछीवाड़ा में ये सवारियां जीप में बैठी थी। बिछीवाड़ा से 12 किमी आगे जाते ही हादसा हो गया। एक्सीडेंट इतना भयंकर था कि 4 मृतकों के शव पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उनके चेहरे बुरी तरह कुचल गए हैं। इसलिए पहचान करना मुश्किल हो रहा है। कई लोगों के हाथ-पैर कट गए हैं। कई के धड़ शरीर से अलग हो गए हैं। एक्सीडेंट की सूचना के बाद एक मैसेज डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल को भी अलर्ट रहने के लिए किया गया।

#### हादसे में इनकी हुई मौत

हादसे में जान गंवाने वाले 7 में से 4 जनों के शव की पहचान हो पाई है। इनमें क्रूजर सवार धनपाल (24) डोडियार निवासी साजनपुरा, हेमंत निवासी लांबा पारडा, मुकेश (32) निवासी महूडी और राकेश निवासी हीराता शामिल हैं। ये सभी डूंगरपुर के रहने वाले हैं। एक लड़की के शव की भी पहचान नहीं हो सकी है। उसके हाथ पर आरके लिखा हुआ है। इसके अलावा 2 और शव हैं, जिनकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं क्रूजर जीप सवार आशा (22) पुत्री जीवा कोटेड, पंकज पुत्र खेमाजी परमार निवासी चुंडावाड़ा, राहुल (20) पुत्र काना कटारा निवासी हिराता, जीवा पुत्र जसू निवासी महुडी, राजू पुत्र धुला निवासी हिराता, शंकर (40) पुत्र लालजी निवासी हिराता और सुभाष पुत्र भरत कटारा निवासी सागवाड़ा घायल हो गए। ये सभी भी डूंगरपुर जिले के रहने वाले हैं।

**घर में था एकलौता**

# रामलीला देखने गए युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या

बेधड़क | अलवर

जिले में रामलीला देखने गए युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या करने का मामला सामने आया है। रामलीला के शोर के कारण युवक की चीख-पुकार भी किसी ने नहीं सुनी। रामलीला विश्राम होने पर लोगों ने युवक को खून से लथपथ देखा तो जिला अस्पताल लेकर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। 5 साल पहले उसके भाई की मौत हो चुकी है।

मृतक के चचेरे भाई गुलाब ने बताया कि रवि नायक पुत्र जगदीश नायक शनिवार रात करीब 8 बजे घर से अकेला रामगढ़ कस्बे में बस स्टैंड व पुलिस थाने के बगल में चल रही रामलीला देखने गया था। रात करीब 11 बजे दो लोग आए उन्होंने बताया कि रवि पर किसी ने चाकू से हमला कर दिया।



इसके बाद घटना का पता चला कि रामलीला से करीब 100 कदम दूर रवि पर हमला हुआ हैं। रवि के पेट, पीठ, गले सहित 6 जगहों पर चाकू मारे गए।

रवि को पांच युवकों ने पकड़ा और वाशु पुत्र यादराम ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ मारे। परिजनों ने बताया कि रवि के परिवार वालों से वाशु के परिवार के रिश्ते खराब थे। रवि व उसके भाई की पत्नी वाशु की मौसी लगती थी। लेकिन पारिवारित झगड़े के कारण दोनों पत्नी छोड़ चुकी हैं। रवि के बड़े भाई की 5 साल पहले मौत हो चुकी है। रंजिश को रवि की हत्या का कारण माना जा रहा है

#### पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा

अलवर एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि रवि की हत्या के पीछे पारिवारिक विवाद का मामला सामने आ रहा है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को पकड़ा है। बाकी 6 लोगों की अभी भी तलाश जारी है। अभी शुभम सहित दो जने पकड़ में आए हैं। मुख्य आरोपी सहित 4 की तलाश में पुलिस ने रात को कई जगह दबिश दी। इस घटना से कस्बेवासियों में रोष है।

**हादसे में दो सगे भाई और बहनोई की जिंदगी की टूटी डोर**

# नमक के कुएं में खुदाई करने उतरे तीन श्रमिकों की जहरीली गैस से हुई मौत

बेधड़क | जोधपुर

फलोदी जिले के मलार रिण औद्योगिक क्षेत्र में जाम्बा के डेगावड़ी स्थित नमक के पुराने कुएं की खुदाई के समय जहरीली गैस के रिसाव से तीन श्रमिकों की मौत हो गई। हादसा रविवार सुबह हुआ। मृतकों में दो सगे भाई और तीसरा इनका बहनोई था।

सूचना पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक हनुमानप्रसाद मीणा, बाप एसडीएम मांगीलाल सुथार, सीओ रामकरणसिंह सहित पुलिस जाब्ता पहुंचे। जानकारी के अनुसार



यह कुआं श्यामलाल का था और करीब चार दशक से बंद था। इसी कुएं को फिर से चालू करने के लिए खुदाई शुरू की गई थी। कुएं में उतरने के लिए जुगाड़ बनाया गया था। पहले लक्ष्मण और त्रिलोक साठ फीट गहरे कुएं में उतरे। काफी देर तक इनकी कोई हलचल नजर नहीं आई तो रविदास भी कुएं में उतर गया। वह बीस फुट नीचे गया था कि बेहोश होकर कुएं में जा गिरा।

#### पांच घंटे बाद निकाला त्रिलोक का शव

हादसे की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल के आसपास जमा हो गए। पुलिस ने लोगों की मदद से कुएं में गिरे श्रमिकों को निकालने का प्रयास किया। लक्ष्मण और त्रिलोकराम बागरी को जल्द ही कुएं से निकाल लिया गया। दोनों को तत्काल फलोदी जिला अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

**वारदात में शामिल छह आरोपियों को किया गिरफ्तार**

# प्री-वेडिंग शूटिंग करवाने के नाम पर पांच लाख के उपकरण लूटे

बेधड़क | चित्तौड़गढ़

प्री-वेडिंग शुटिंग करवाने के नाम पर करीब पांच लाख रुपए के कैमरे व शुटिंग के अन्य उपकरण लूट मामले का कोतवाली थाना पुलिस ने 36 घंटे में पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने इस मामले में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इनसे लूटे गए माल व अन्य आरोपियों के बारे मे गहनता से पुछताछ की जा रही है। एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि शुक्रवार को आकोला थाना बडलिया भीलवाडा निवासी हर्षित श्रोत्रिय अपने एक साथी विक्रम सिंह के साथ एक अज्ञात व्यक्ति के आर्डर पर प्री-वेडिंग फोटो शूट का सामान लेकर चन्देरिया पहुंचा। जहां से एक व्यक्ति उन्हें मोटर साइकिल पर बिठाकर चितौड़ ऐराल पुलिया के पास ले गया।

वहां दो लड़के पैदल व तीन लड़के बाइक पर आए और उनके साथ धक्का-मुक्की व मारपीट कर फोटोग्राफी व शूटिंग का सामान लूट ले गए।

लूटे गए सामान में कैनन के कैमरे, लैंस, बैटरियां, एलईडी, कार्ड व अन्य महंगे उपकरण शामिल हैं। इसकी कीमत करीब 5 लाख रुपए है। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम का गठन कर प्रकरण में गहनता से अनुसंधान किया जाकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया।

मामले मे तकनीकी साक्ष्य व कॉल डिटेल का विश्लेषण किया जाकर गठित टीम द्वारा आसुचना संकलन व ह्युमन इंटेलिजेंस से घटना कारित करने वाले आरोपियों का पता लगाकर 36 घंटे में वारदात का खुलासा किया गया। प्रकरण में वारदात को अंजाम देने वाले छह आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया गया है।

**दंपती में दिखा वतन परस्ती का जज्बा**

# 'हम जल्द इजराइल पहुंच जाएं, देश को हमारी जरूरत'

बेधड़क | जैसलमेर

इजराइल से भारत घूमने आया परिवार अपने वतन की आतंकियों से रक्षा के लिए वापस जाना चाहता है। दंपती अपने बच्चों को वहां के हालातों की जानकारी नहीं दे रहा। उन्होंने कहा कि परिवार के लोग हमें वहां आने से रोक रहे हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि जल्द से जल्द हम इजराइल पहुंच जाएं, ताकी सेना के साथ मिलकर देश के दुश्मनों को जवाब दे सकें।

ऐसे में इस इजराइली दंपती में देश के प्रति जज्बा सहज ही दिख रहा है। जैसलमेर घूमने आया परिवार अपने देश के लोगों की सलामती के लिए प्रार्थना कर रहा है। दोनों चाहते हैं कि वे जल्द



से जल्द इजराइल पहुंच जाएं। हालांकि उनके दोस्त और रिश्तेदार उन्हें वापस नहीं आने की सलाह दे रहे हैं, लेकिन वे सेना के साथ मिलकर देश के दुश्मनों को हराना चाहते हैं। इजराइल के यरूशलम के रहने वाले खनन (47) और उनकी पत्नी लैला (45) अपने चार बच्चों के साथ जैसलमेर के होटल पोल हवेली में रह रहे हैं। यहां आने के बाद छिड़े युद्ध को लेकर वे अपने देश के हालातों को लेकर चिंतित हैं। वे प्रार्थना कर रहे हैं कि जल्द ही युद्ध रुके और मासूमों की जान बच जाए। खनन का कहना है कि हम यहां प्रार्थना कर रहे हैं, जबकि ये समय प्रार्थना करने का नहीं है।

ये आतंकवादियों को जवाब देने का समय है। भारत से इजराइल के लिए फ्लाइट बंद हो गई हैं, इसलिए वे कोशिश कर रहे हैं कि किसी दूसरे देश से होकर वे इजराइल पहुंच जाएं।

खनन का कहना है कि वे जल्द ही अपने देश पहुंचना चाहते हैं, क्योंकि उनके देश को उनकी जरूरत है।

#### सरकारी सेवा में कार्यरत है पति-पत्नी

खनन ने बताया कि वे दोनों पति-पत्नी सरकारी सेवा में हैं। खनन यरुशलम सरकार में इकोनॉमिक और पॉलिटिकल रिसर्चर के तौर पर काम कर रहे हैं। वहीं, उनकी पत्नी लैला म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन में मैनेजर पद पर काम करती रही है। लैला का कहना है कि अभी जिस तरह के हालत हैं, उसमें हमें अपने देश में होना चाहिए। परिवार आने के लिए मना कर रहा है, लेकिन हम चाहते हैं कि किसी भी तरह जल्द से जल्द अपने देश पहुंच जाएं और दुश्मनों को जवाब दे सके।

#### लंबे समय रुकना चाहते थे जैसलमेर

इजराइल से आया यह परिवार लंबे समय तक जैसलमेर में रुकना चाहता था, लेकिन अब के हालातों को देखकर वे जल्द वापस लौट जाना चाहते हैं। खनन ने बताया किया वे अपने परिवार के साथ सितंबर के दूसरे हफ्ते में भारत आए थे। दिल्ली, पुष्कर समेत अन्य शहर घूमकर अब जैसलमेर आए हैं। यहां लंबे समय तक रहना चाहते थे, लेकिन अब हम जल्द से जल्द इजराइल जाना चाहते हैं। अब हम दिल्ली से किसी दूसरे देश के लिए फ्लाइट लेंगे और फिर वहां से इजराइल जाएंगे, ताकि समय रहते देश के काम आ सकें।

# बस से जब्त किया 2196 लीटर मिलावटी घी

बेधड़क | जैसलमेर

जिले की सांगड थाना पुलिस की टीम ने शनिवार को पुलिस नाका फतेहगढ़ नेशनल हाईवे पर एक बस से घी के 139 कर्टन बरामद किए हैं। इनमे 2196 लीटर घी भरा है। प्रारंभिक जांच में घी मिलावटी होने के अंदेशे पर जब्त किया गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की घी की जांच कर रही है।

एसपी विकास सांगवान ने बताया कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार निष्पक्ष व भयमुक्त चुनाव के लिए जैसलमेर में विभिन्न स्थानों पर पुलिस की ओर से नाकाबंदी की जा रही है। शनिवार को एडिशनल एसपी राकेश कुमार राजोरा के निर्देशन व सीओ प्रियंका कुमावत के सुपरविजन एवं एसएचओ सांगड



माणक राम के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल शोभ सिंह टीम के साथ नेशनल हाईवे-68 के पुलिस नाका फतेहगढ़ पर वाहनों की जांच कर रहे थे।

इसी दौरान बाड़मेर से गंगानगर जा रही एक बस को रुकवा कर चेक किया तो बस के अंदर व साइड की डिग्गी में घी के 139 कर्टून पाए गए। प्रथम दृष्ट्या घी मिलावटी होने के अंदेशा होने पर थाने लाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को सूचित किया गया।

चुनावी पोळ

पहल्यां टिकट दिवा दे,
पाछे जीता चुणाव।
नौ दिन राखूं नोरता,
मायड़ बेड़ो पार लगाव।।

■ गजानन

विधानसभा चुनाव 2023 में नए समीकरण

# इस बार चुनावी गठबंधन की राजनीति को ना!

## चौटाला की पार्टी 30 सीटों पर दांव खेलने को तैयार

## 'इंडिया' बंधन को सीटें देने पर कांग्रेस नेता भी नहीं तैयार है

श्रवण भाटी | बेधड़क

**जयपुर।** राजस्थान में गठबंधन की राजनीति की भी अलग सियासी कहानी रही है। प्रदेश में भाजपा के दिग्गज नेता भैरोंसिंह शेखावत के नेतृत्व में आठ साल तक चली गैर कांग्रेसी सरकार पहली बार इसी सियासी गणित का फेर था। पिछले विधानसभा चुनाव 2018 में कांग्रेस ने 2 सीट राष्ट्रीय लोक दल, 2 सीट लोकतांत्रिक जनता दल (शरद यादव) और एक सीट एनसीपी को दी थी, लेकिन इनमें से केवल एक सीट पर ही गठबंधन की जीत हुई थी। वहीं भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 25 सीटों पर समीकरण साधने के लिए हुनमान बेनीवाल की पार्टी से गठबंधन किया था और उसके बाद हुए खींवसर के उपचुनाव में सीट गठबंधन के नाम की थी, लेकिन इस बार दोनों ही दलों में राजनीतिक गठबंधन को लेकर ना नुकर की स्थिति दिखाई दे रही है। भाजपा साफ तौर पर किसी भी तरह के गठबंधन से इनकार कर चुकी है। वहीं कांग्रेस के दिग्गज नेता भी गठबंधन से गुरेज कर रहे हैं।

### बीजेपी नहीं देना चाहती कोई सीट



राजस्थान बीजेपी जेजेपी को कोई सीट नहीं देना चाहती है। बीजेपी नेता इसका विरोध कर रहे हैं। यही वजह है कि बीजेपी आलाकमान ने पहली सूची में जेजेपी का गढ़ माने जाने वाले सीकर में उम्मीदवार उतारी है। ऐसे में अब अनुमान लगाया जा रहा है कि चुनाव में इससे बीजेपी सहित कांग्रेस को नुकसान हो सकता है।

### कांग्रेस को भी कम नुकसान नहीं



बता दें कि अजय चौटाला दांतारामगढ़ से विधायक भी रह चुके हैं, जबकि नंद किशोर महरिया फतेहपुर से विधायक रह चुके हैं। अगर बीजेपी और जेजेपी के बीच गठबंधन नहीं हुआ तो इसका नुकसान बीजेपी को ज्यादा होगा। क्योंकि जेजेपी का जाटों के बीच प्रभाव माना जाता है। हालांकि सीकर में कांग्रेस को भी कम नुकसान नहीं होने वाला है।




### कांग्रेस में भी फंसा हुआ पेंच

टिकट वितरण से पहले ही सत्तारूढ़ कांग्रेस में समान विचारधारा वाले दलों से विधानसभा चुनाव में गठबंधन को लेकर पेंच फंसता नजर आ रहा है। गठबंधन को लेकर स्टेट लीडरशिप ही एक मत नहीं है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा चाहते हैं कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के सहयोगियों और प्रदेश के कुछ समान विचारधारा वाले दलों को कुछ सीटें दी जाएं, वहीं कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चौधरी खुलकर गठबंधन के विरोध में हैं। दोनों ही नेताओं का कहना है कि राजस्थान में गठबंधन की कोई जरूरत नहीं है, कांग्रेस पार्टी अपने दम पर सरकार बना सकती है। पहले भी कांग्रेस अपने दम पर कई बार सरकार बना चुकी है। इंडिया गठबंधन केंद्रीय स्तर पर बना है। हालांकि प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी रंधावा कह चुके हैं कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए राजस्थान में गठबंधन करना है या नहीं इसका फैसला पार्टी हाई कमान को करना है।

### जेजेपी 25 से 30 सीटों पर उतारेंगी प्रत्याशी

विधानसभा चुनाव में जेजेपी पार्टी में 25 से 30 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यह बात जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने हरियाणा के सिरसा में कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद कही है। जेजेपी का जनाधार सीकर जिले में माना जाता है। देवीलाल सीकर से चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं, सीकर जिले के फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट की आस में बैठे नंदकिशोर महरिया ने जेजेपी की ओर से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। चौटाला ने साफ कहा कि उनकी पार्टी गठबंधन की कोशिश कर रही है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो अकेले ही चुनाव लड़ेगी। अजय सिंह के ऐलान के बाद भाजपा के सियासी समीकरणों को लेकर एक बार फिर से सोचना होगा। अभी जेजेपी एनडीए का हिस्सा है। हरियाणा में बीजेपी और जेजेपी का गठबंधन है। हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह ने हाल ही में राजस्थान का दौरा किया था। संकेत दिया था कि उनकी पार्टी 30 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।



बिहाइंड द कर्टेन

## किसकों सुनाए अपना दुखड़ा, कहा जाए

पांच साल मौज में रहे दलबदलू भाइयों के साथ अब स्थिति विकट हो गई है। भाइयों को इस चुनाव में कोई ठोर-ठिकाना नहीं मिल रहा। जो भाई लोग पहले ही बगावत करके भाग छूट है। वो दूसरे दलों के साथ मिलकर अपनी जमीन तैयार कर ही है, लेकिन बचे हुए 25 से ज्यादा भाइयों को ठिकाना नहीं मिल पा रहा है। सत्ता का रथ पांच साल तक खींचा उसका भी कोई फायदा नहीं मिल रहा है। जनता की नाराजगी तो सामने है ही, अब सत्तासुख परोसने वाली पार्टी में हाथ खड़े कर लिए है। पार्टी के नेताओं का साफ कहना है कि गठबंधन केवल सरकार चलाने तक का था। आगे की कोई गारंटी नहीं थी। अब भाइयों के साथ समस्या यह है कि वो दुखड़ा किसकों सुनाए न जनता सुन रही है ना ही नेता। इसलिए अब सहानुभूति कार्ड खेलने की तैयार की जा रही है। हां जो भाई सरकार को लगातार पाला देते रहे वो अब मौज में दिखाई दे रही है। पार्टी गले लगाए या नहीं लेकिन जनता तो लगा रही है। इसलिए बगावत कर चुके भाइयों ने नया ठोर भी तलाश लिया है। इसबार केसरिया रंग।

■ यायावर

ई वॉर


राजस्थानी ट्वीट liked
Durg Singh Rajpurohit @BarmerDurg Follow

बड़ी खबर : दिल्ली में गेट पर ही रोका सुरक्षा कर्मियों ने ,ऑटो पकड़ रवाना हुए अमीन खान
जानकार सूत्र बताते हैं कि अमीन खान अपने पुत्र शेर खान को टिकट दिलाने के लिए लगातार कोशिशें में है और इसके कारण उन्होंने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष फतेह खान से भी खुले आम ऐलानियां शक्ति प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है।
दिल्ली मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलने जोधपुर हाउस पहुंचे अमीन खान को बताया जाता है कि सुरक्षा कर्मियों ने यह कहकर गेट पर रोक दिया कि आपके अंदर नहीं जान देने के आदेश है।
अब यह आदेश सुनकर बताया जाता है कि ऑटो पकड़ और अमीन खान रवाना हो गए।

थड़ी पॉलीटिक्स

## कैंडिडेट की जाति, धर्म नहीं क्वालिटी देखो... तभी आएंगे अच्छे दिन

**स्थान** टी-स्टॉल विद्याधर नगर जयपुर | **समय** शाम 04:00 बजे

आजकल तो रोज ही हो रहे होंगे एमएलए साब के दर्शन। पांच साल तो दिखाई नहीं दिए, कोई काम होता था तो इनको ढूंढना पड़ता था, अब तो बिना बुलाए ही मौजूद हैं हर जगह।" चुनावी माहौल परवान चढ़ रहा है तो यहां-वहां मौजूद गपशप के ठीयों पर चर्चा भी चुनावी ही हैं। इन्हीं चर्चाओं से लोगों का मिजाज जानने हम पहुंचे विद्याधरनगर की एक चाय की थड़ी पर। खौलती चाय की खुशबू से भरे माहौल में कई मंडलियां जमी थीं। एक ओर से चुने जाने के बाद पांच साल गायब रहने वाले नेताजी की फितरत पर बात शुरू हुई तो दूसरी आवाज ने बात को आगे बढ़ाया-"पूछो ही मत, हम तो दो साल पहले एक छोटे से काम के लिए हमारे एमएलए साब के चक्कर काट काट कर परेशान हो गए थे। न तो एमएलए साब के दर्शन मिले, ना ही काम हुआ। अब साब घूम रहे हैं गलियों में। बोल रहे हैं कोई काम हो तो बताना। अब इनको क्या बोलें यार।" मन की पीड़ा सामने आई तो उसका जवाब भी जैसे तैयार ही था-"ये कोई नई बात तो है नहीं। हमेशा से ये ही होता आया है। पहले हम ही तो इनको चढ़ा लेते हैं सिर पर। सारा काम ठोक बजाकर करें तो ये दिक्कत ना हो।" समाधान दिखाया गया तो इसमें आने वाली अड़चन की भी बात उठी-" कैसे ठोकें-बजाएं भाई। ना तो कोई नेता की क्वालीफिकेशन देखता है, ना उसकी काबिलियत। जाति देखते हैं, धर्म देखते हैं, पार्टी देखते हैं, बस क्वालिटी नहीं देखते।" अड़चन वाजिब थी। कोई अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता। सब मिलकर ही कुछ सोचें तभी कुछ हो सकता है। एक और आवाज आई-"पार्टियां भी तो जिताऊ को ही टिकट देती हैं यार, पार्टियों को भी कैंडिडेट में बस ये ही क्वालिफिकेशन चाहिए कि वह चुनाव जीत जाए। हर पार्टी को सरकार बनानी है। ये डेमोक्रेसी है भाई, पर वोटर को जिताऊ कैंडीडेट नहीं क्वालिटी ही देखनी चाहिए। और सब लोग क्वालिटी ही देखें तो ही कुछ चेंज हो सकता है।" वर्तमान दौर के अनुसार सारी बातें सही थीं। पर इनका समाधान जिस जनता के पास है, उसी की समझदारी इसे ठीक कर सकती है। चर्चा समाप्त हुई और हमारा आज का दौर भी।

पॉली क्लिक्स



प्रदेश में चुनावी राजनीति की दो दशकों तक धुरी रही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधराराजे इस बार के विधानसभा चुनाव में कम सक्रिय दिखाई दे रही है, लेकिन उनको लेकर जनता में ग्लैमर चरम पर है। फोटो में राजे से मिलने पहुंचे आमजनता शायद उनसे कमान संभालने की गुहार कर रही है।

पॉली टून




चुनावी इतिहास के झरोखे से

# जब CM जोशी ने विरोधी प्रत्याशी को कहा... आप जीत चुके हो



■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

ऐतिहासिक लोहागढ़ नाम से विख्यात भरतपुर में वर्ष 1974 में राजस्थान विधानसभा के लिए जिले का पहला उपचुनाव महत्वपूर्ण हो गया जब तत्कालीन मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पार्टी के प्रतिद्वंदी प्रत्याशी की जीत की भविष्यवाणी सहज रूप से की। यह प्रसंग पूर्व भरतपुर रियासत के अंतिम शासक सवाई बृजेन्द्रसिंह के विधायक पद से त्यागपत्र देने से बना। वह 1972 में जनसंघ के टिकट पर चुनाव जीते थे और अपना कार्यकाल खत्म होने से पहले विधानसभा से त्यागपत्र दे दिया। इस उपचुनाव को जीतने के लिए सरकार ने ऐड़ी-चोटी का जोर लगा दिया।

कांग्रेस प्रत्याशी हरीसिंह का मुकाबला सोशलिस्ट पार्टी के पं. रामकिशन से था। अन्य मंत्रियों के साथ तत्कालीन मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी ने गांव-गांव नगला-नगला का दौरा किया। चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में भरतपुर के निकटवर्ती गांव सुनारी में प्रचार के लिए पं. राम किशन जा रहे थे। इस गांव में जाने के लिए सड़क नहीं थी। सामने से गाड़ियों का काफिला आता देख पंडित जी उबड़ खाबड़ मार्ग के एक ओर खड़े हो गए। जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक के साथ काफिले में मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी प्रचार करके लौट रहे थे।

पं. रामकिशन को देख जोशी ने गाड़ी रुकवाई। तब पंडित जी ने मुख्यमंत्री से कहा कि आप सरकारी काफिले के साथ चुनाव प्रचार कर मर्यादा का उल्लंघन कर रहे हैं। पंडित जी के अनुसार उस वक्त मुख्यमंत्री जोशी ने मुस्कराते हुए कहा कि- बंधु युद्ध और प्यार में सब जायज है। लेकिन कुछ आगे चलते ही मुख्यमंत्री ने गाड़ी रुकवाई और जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक को रवाना किया। जोशी पंडित रामकिशन के पास आए और सुनारी गांव की सभा का जिक्र किया। सभा में लोगों ने हाथ उठाकर कांग्रेस प्रत्याशी को वोट देने का वायदा किया था। लेकिन एक दृष्टिहीन व्यक्ति उठा जिसे पता नहीं था कि चुनाव सभा को मुख्यमंत्री ने संबोधित किया है। वह कहने लगा कि सब आपसे झूठ बोल रहे हैं। ये लोग वोट तो पंडित जी को ही देंगे। ब्रजभाषा के इस वार्तालाप के संदर्भ में जोशी जी ने सहज भाव से कहा- पंडित जी आप चुनाव जीत गए हो।

भरतपुर निर्वाचन क्षेत्र के जाट बहुल जघीना गांव में तत्कालीन ग्रामीण-पंचायत राज मंत्री रामनारायण चौधरी ने डेरा डाल दिया था। वह लोगों को समझाते कि तुम कांग्रेस पार्टी के अपने सजातीय भाई की अपेक्षा ब्राह्मण (बामन) प्रत्याशी को वोट देते हो। यह शर्म की बात है। यही नहीं चौधरी रामनारायण ने जघीना के कुंवारे जाट युवकों की सगाई शेखावाटी इलाके में करवाने का भी वायदा किया। उस चुनाव की याद ताजा करते हुए 98 वर्षीय पंडित जी ने मुझे बताया कि चुनाव के पश्चात रामनारायण जी ने उन्हें इस प्रसंग से अवगत कराया तो दोनों हंस पड़े।

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे चौधरी चरण सिंह भी पंडित रामकिशन जी के चुनाव प्रचार में आए। जघीना तथा महुआ मोड़ की सभा में उन्होंने जनता से कहा कि पंडितजी को वोट देने से मेरे हाथ और हरीसिंह जी को वोट देने पर इंदिरा जी के हाथ मजबूत होंगे। कुछ प्रभावी लोग महाराजा बृजेन्द्र सिंह की राय लेने गए। ब्रजभाषी अंदाज में उनका कहना था कि हरीसिंह जी सज्जन व्यक्ति हैं पर बड़ की छाया अच्छी लगती है जिसके नीचे सभी बैठते हैं। इशारा साफ था- पंडित जी का चुनाव चिन्ह बड़ का पेड़ था- वह चुनाव जीत गए।



## भारतीय शेयर बाजार

# मजबूत अर्थव्यवस्था के मिल रहे संकेत



विमल कोठारी
वरिष्ठ पत्रकार

भारतीय शेयर बाजार में चल रही मंदी अब दो सप्ताह से तेजी की ओर तो बढ़ रही है, लेकिन इजराइल और हमास के बीच बढ़ रहे तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारों में स्थिति स्पष्ट नहीं है। पिछले सप्ताह प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर के आंकड़ों में हुई शानदार बढ़ोतरी भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती की ओर इशारा कर रही है। ऐसे में कहा जा सकता है कि रूस और यूक्रेन युद्ध में किसी नई बड़ी बात अथवा इजराइल और हमास के बीच चल रही लड़ाई के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारों में यदि कोई बड़ी गिरावट आती है तो भी भारतीय बाजार इसे समाहित कर लेंगे तथा भारत में रविवार से शुरू हो रहे नवरात्र के उत्साह के कारण बाजार में निवेशकों का विश्वास बना रहेगा। तकनीकी आंकड़ों की बात करें तो पिछले सप्ताह बाजार में सुधार का रुख रहा और लगातार दूसरे सप्ताह शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुए। खास बात यह भी है कि इजराइल और हमास के बीच लड़ाई के बावजूद कच्चे तेल की कीमतों में कोई उफान नहीं आया और कच्चे तेल की कीमतों में अच्छी गिरावट रही। देश में नवरात्र से फेस्टिवल सीजन की शुरुआत हो रही है। इस सीजन को लेकर न केवल कंपनियां आक्रामक मार्केटिंग नीतियां बना रही है, बल्कि वे ग्राहकों को हर कीमत पर अपनी ओर आकर्षित भी करना चाह रही है। इस कवायद का नतीजा कंपनियों की बेलेंसशीट पर पड़ना तय है, जिसका असर शेयर बाजार में भी दिखेगा। इसके अलावा कंपनियों के छमाही आंकड़ों की शुरुआत हो चुकी हैं, इस सप्ताह कुछ दिग्गज कंपनियों के परिणामों की घोषणा भी होगी, उसके बाद यह भी माना जा सकता है कि भारतीय बाजार में तेजी की एक बार फिर शुभ शुरुआत हो।

*"पिछले सप्ताह बाजार में सुधार का रुख रहा और लगातार दूसरे सप्ताह शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुए। खास बात यह भी है कि इजराइल और हमास के बीच लड़ाई के बावजूद कच्चे तेल की कीमतों में कोई उफान नहीं आया और कच्चे तेल की कीमतों में अच्छी गिरावट रही। देश में नवरात्र से फेस्टिवल सीजन की शुरुआत हो रही है। इस सीजन को लेकर न केवल कंपनियां आक्रामक मार्केटिंग नीतियां बना रही है, बल्कि वे ग्राहकों को हर कीमत पर अपनी ओर आकर्षित भी करना चाह रही है।"*




*शनिवार को बंद हुए अमरीकी बाजारों की बात करें तो यहां हल्की गिरावट का रुख है, जिसे भारतीय बाजारों की सोमवार को होने वाली शुरुआत के लिए शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता है। उधर, बुलियन बाजार की बात करें तो जयपुर में गत सप्ताह सोने के दामों में 2500 रुपए दस ग्राम की तेजी के साथ यह 61,000 हजार रुपए प्रति दस ग्राम जबकि चांदी 2800 रुपए की तेजी के साथ 73,100 रुपए प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गई। बुलियन कारोबारियों का कहना है कि सीजन में होने वाली खरीद के कारण सोने व चांदी के भावों में अब और सुधार की संभावनाएं काफी हैं।*

पिछले सप्ताह की बात करें तो 13 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में बाजार में सुधार का रुख रहा। भारतीय बाजार में सुधार के बावजूद एफआईआई की बिकवाली पर फिलहाल कोई असर पड़ता नजर नहीं आ रहा और एफआईआई ने गत सप्ताह 2199.99 करोड़ के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों- डीआईआई ने 3937.66 करोड़ के शेयरों की खरीद कर एफआईआई की बिकवाली का जवाब दिया। आंकड़ों की बात करें तो पिछले सप्ताह बीएसई सूचकांक में 287.11 अंक अर्थात 0.44 फीसदी का सुधार रहा और बीएसई सूचकांक 65995.63 अंक से बढ़कर 66282.74 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई सूचकांक में 97.55 अंक अर्थात 0.50 फीसदी की तेजी रही और एनएसई निफ्टी सूचकांक 19653.50 अंक से बढ़कर 19751.05 अंक पर बंद हुआ। उधर, बीएसई मिडकैप सूचकांक की बात करें तो इसमें पिछले सप्ताह 0.71 फीसदी की तेजी रही, जबकि बीएसई स्कालकैप में 0.86 फीसदी की तेजी का रुख देखा गया है। एनएसई मिडकैप-100 सूचकांक की बात करें तो इसमें भी पिछले सप्ताह 0.55 फीसदी की व एनएसई स्कालकैप-100 सूचकांक में 0.44 फीसदी की तेजी रही है। शनिवार को बंद हुए अमरीकी बाजारों की बात करें तो यहां हल्की गिरावट का रुख है, जिसे भारतीय बाजारों की सोमवार को होने वाली शुरुआत के लिए शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता है। उधर, बुलियन बाजार की बात करें तो जयपुर में गत सप्ताह सोने के दामों में 2500 रुपए दस ग्राम की तेजी के साथ यह 61,000 हजार रुपए प्रति दस ग्राम जबकि चांदी 2800 रुपए की तेजी के साथ 73,100 रुपए प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गई। बुलियन कारोबारियों का कहना है कि सीजन में होने वाली खरीद के कारण सोने व चांदी के भावों में अब और सुधार की संभावनाएं काफी हैं।

इस सप्ताह में बाजार के रुख की बात करें तो कारोबारियों का कहना है कि भारतीय बाजारों अब सुधार की राह पर हैं, हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर होने वाली उथल-पुथल का यहां भी असर रहेगा, लेकिन यह असर दीर्घकालीन नहीं होगा। कारोबारियों के पसंदीदा शेयरों में रेल्वे व डिफेंस सेक्टर के शेयर फिलहाल सुरक्षित निवेश समझें जा सकते हैं, जबकि अन्य में चंबल फर्टिलाइजर, हिंदुस्तान जिंक, यूनिपार्टस इंडिया, टीसीएस, सार्वजनिक क्षेत्र के चुनिंदा बैंकों को सुरक्षित समझा जा सकता है, लेकिन यदि बाजार में सेंटीमेंट वीक रहेंगे तो अच्छे कहे जाने वाले शेयरों में भी गिरावट का रुख रह सकता है। इस सप्ताह शुरू होने वाले आईपीओ की बात करें तो निवेशकों के लिए मेन बोर्ड में एक नया आईपीओ आईआरएम एनर्जी का आ रहा।

इसी तरह एसएमई सेक्टर में इस सप्ताह तीन आईपीओ निवेश के लिए उपलब्ध रहेंगे। आईपीओ में निवेश करने वाले निवेशकों को कंपनी के वित्तीय कार्य परिणामों और मांगे जाने वाले प्रीमियम के आधार पर जोखिम का आकलन करने के बाद ही निवेश का निर्णय करना चाहिए। सेबी के पास आने वाले नए आईपीओ आवेदनों की बात करें तो इस सप्ताह कोई नया ड्राफ्ट हेरिंग प्रोस्पेक्टस-डीआरएचपी पेश नहीं हुआ, हो सकता है इसके पीछे श्राद्ध पक्ष का असर हो।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## व्यंग्य

# चुनावी सावन आया झूम के



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

अब तो राजनीति में भी शिकार को साधने के लिए पेशगी के तौर पर खाने लायक टुकड़े फेंके जाने लगे हैं। और ऐसा करना अब तो लगभग बहुत जरूरी हो चला है। पहले व्यक्तिगत या दलीय रूप से ऐसा होता था, लेकिन अब तो सरकार की सरकार ही इस नक्शे कदम पर चलने लगी है। आजीवन राजनीति के पेशे में सक्रिय रहने वाला वर्ग अपने-अपने कार्यकर्ताओं के कंधे पर हाथ रखने लगा हैं। राजनीति के मैदान में कंधे पर हाथ रखने का मनोविज्ञान बड़ा ही विचित्र होता है। जरा कल्पना तो कीजिए कि यदि हूटर लगी गाड़ी से उतर कर कोई श्रीमान सीधे किसी समर्थक के कंधे पर हाथ रख देवे और दो चार कदम साथ चल लेवें, तो यकीन मानिए - समर्थक बल्ले-बल्ले हो जाता है।

जनता-जनार्दन से वादे पर वादे किए जा रहे हैं। हर एक असंभव को संभव सिद्ध करने का पक्का इरादा जताया जा रहा है। ऐसा कोई इस बार ही हो रहा हो , ऐसा कतई नहीं है। दरअसल राजनीति का दस्तूर ही कुछ ऐसा है कि आम को पिल-पिला करने के बाद उसको कसकर निचोड़ा जाता है। ऐसा करने पर ही तो फलों के राजा कहलाए जाने वाले आम का रस निकलता है। इस बात को कुछ यूं समझ लीजिएगा कि यही हमारे भारतीय लोकतंत्र का मूल स्वरूप है। दरअसल अब तो ' त्योहारी हाट ' की भांति एक से बढ़कर एक मन को ललचाने वाले और जी को भरमांने वाले ऑफर पर ऑफर आ रहे हैं। समूचे राजनीतिक बाजार में एक प्रकार से " धंधे के सीजन " की शुरुआत होने लगी है।

राजनीति के बाजार की बड़ी दुकान बहुत ही अधिकार पूर्वक सब्जबाग का व्यापार किया करती है। दूसरी दुकानों में वे दुकानें होती है, जिनका कोई पक्का ठिया पाया नहीं होता। इन दुकानों पर बैठा आदमी अनवरत रूप से अलग-अलग ग्राहकों को मुख्य दुकान के प्रति गुमराह किया करता है। इसके अतिरिक्त कुछ ऐसे फेरीवाले होते हैं जो प्रायः ढुलमुल मनोवृति वाले हुआ करते हैं। इनमें से कुछ तो ' जिधर दम उधर हम ' के गणित का परिपालन करते हैं तो कुछ ' नौ नगद तेरह उधार ' के आधार वाली सोच रखा करते हैं। ऐसे दुकानदारों का मुखिया छुटपुट दुकानदारों और फेरी वालों के साथ इकट्ठा होकर संयुक्त दुकान खोलने की छटपटाहट से भरे दिखाई देने लगे हैं।

वैसे भी राजनीति की शतरंज में सारे के सारे मोहरे और प्यादे कोई पूर्व निर्धारित चाल चलने हेतु बाध्य नहीं होते हैं। यही कारण है कि आए दिन राजनीति में 3 हाथ की ककड़ी और 13 हाथ के बीज का दृश्य दिखाई देता है। छोटे छोटे दुकानदार, छोटे छोटे दुकानदारों को एकजुट कर संपूर्ण बाजार में अपना एकाधिकार स्थापित करने का ख्वाब संजोने लगे हैं। लेकिन इनके सामने मुख्य समस्या यह है कि आखिर फिर राजनीति के बाजार की लगाम कौन थामेगा ? कुल मिलाकर राजनीति के मुंगेरीलाल हसीन सपने देखने और दिखाने में मशगूल हो गए हैं।

## समुद्री सीमा के उल्लंघन का आरोप

# श्रीलंका नौसेना ने 27 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चैन्नई।** श्रीलंका के समुद्री क्षेत्र में कथित तौर पर अवैध शिकार करने के आरोप में भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है। श्रीलंका की नौसेना ने रविवार को कहा कि इन मछुआरों को समुद्री सीमा के उल्लंघन के आरोप में शनिवार को पूर्वोत्तर में मन्नार के तट और उत्तर में डेल्फ्ट और कच्चातिवु द्वीपों से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार मछुआरों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए अधिकारियों को सौंप दिया गया है। इससे पहले सितंबर माह में भी 17 भारतीय मछुआरों को जाफना के काकरथिवु द्वीप के तट से गिरफ्तार किया गया था। मछुआरों का मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों में एक विवादास्पद मुद्दा है, यहां तक कि श्रीलंकाई नौसेना के जवानों ने पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की।

## मुलाकात

*नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नई दिल्ली में पी-20 देशों की संसदों के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ। धनखड़ ने प्रतिनिधियों की दोपहर के भोज पर अगवानी भी की।*



फोटो : पीटीआई



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
कल हैदराबाद में एक छात्रा की आत्महत्या का समाचार अत्यंत दुखद है। ये आत्महत्या नहीं, हत्या है - युवाओं के सपनों की, उनकी उम्मीदों और आकांक्षाओं की।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
हमें गर्व है कि राजस्थान में चिरंजीवी है जो ऐसे फैसलों को बदलकर जिंदगी और मुस्कान देती है।




**अमिताभ बच्चन,** अभिनेता
@SrBacchan
कैलाश पर्वत की धार्मिकता.. रहस्य.. दिव्यता मुझे लंबे समय से आकर्षित करती रही है.. और त्रासदी यह है कि मैं कभी भी इसे व्यक्तिगत रूप से नहीं देख पाऊंगा..



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
जब आप कहते हैं, 'मेरा जीवन मेरा कर्म है,' तो आप कह रहे हैं, 'मेरा जीवन मेरा निर्माण है।' यह अस्तित्व का सबसे गतिशील तरीका है।



**अनुपम खेर,** अभिनेता
@AnupamPKher
यादें विशेष क्षण हैं जो हमारी कहानी बताती हैं!



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
जब हम साबित करते हैं कि हम सही हैं और दूसरे गलत हैं, तो हम सही होने का गौरव हासिल कर सकते हैं और एक सार्थक रिश्ते का विशेषाधिकार खो सकते हैं।

## नॉलेज कॉर्नर: मंदिर के गर्भ गृह में जल रहे हैं हजारों सालों से दीपक

# ऐसा मंदिर जहां भगवान को चढ़ाते हैं केश

भारत में अधिकतर लोग सनातन संस्कृति को मानने वाले रहते हैं। ऐसे में देश में मंदिरों का महत्व बढ़ जाता हैं। भारत के दक्षिणी राज्य में एक ऐसा मंदिर है जहां पर भक्तों द्वारा भगवान को उनके सिर के केश चढ़ाते हैं। ऐसा मंदिर है आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले का वेंकटेश्वर मंदिर। भगवान वेंकटेश्वर मंदिर को तिरुपति के रूप में जाना जाता है जो देश के सबसे मशहूर मंदिरों में गिना जाता हैं। ऐसा माना जाता है कि भगवान वेंकटेश्वर यहां मूर्ति के रूप में धारण हुए थे, जिसकी वजह से इस मंदिर की स्थापना यहां की गई। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं तिरुपति वेंकटेश्वर मंदिर के बारे में...

### 5वीं शताब्दी में हुआ स्थापित

तिरुपति वेंकटेश्वर मंदिर एक हिंदू मंदिर है जो पहाड़ी शहर के में तिरुमला में स्थित है । यह मंदिर विष्णु के एक रूप वेंकटेश्वर को समर्पित है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे मानव जाति को कलियुग की परीक्षाओं और परेशानियों से बचाने के लिए पृथ्वी पर प्रकट हुए थे। इस मंदिर को तिरुमाला मंदिर, तिरुपती मंदिर और तिरूपति बालाजी मंदिर जैसे अन्य नामों से भी जाना जाता है। वेंकटेश्वर को कई अन्य नामों से जाना जाता है बालाजी, गोविंदा और श्रीनिवास। मंदिर तिरुमला तिरुपती देवस्थानम द्वारा चलाया जाता है, जो आंध्र प्रदेश सरकार के नियंत्रण में है। टीटीडी के प्रमुख की नियुक्ति आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा की जाती है। 5वीं शताब्दी तक यह एक प्रमुख धार्मिक केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका था। कहा जाता है कि चोल, होयसल और विजयनगर के राजाओं का आर्थिक रूप से इस मंदिर के निर्माण में खास योगदान था।



### यह है मंदिर के दर्शनीय स्थल

श्री वैंकटेश्वर का यह प्राचीन मंदिर तिरुपति पहाड़ की सातवीं चोटी (वैंकटचला) पर स्थित है। यह श्री स्वामी पुष्करिणी के दक्षिणी किनारे पर स्थित है। माना जाता है कि वेंकट पहाड़ी का स्वामी होने के कारण ही इन्हें वैंकटेश्वर कहा जाने लगा। इन्हें सात पहाड़ों का भगवान भी कहा जाता है। मंदिर के गर्भगृह में भगवान वैंकटेश्वर साक्षत विराजमान है। मंदिर परिसर में मुख्य दर्शनीय स्थल:पडी कवली, महाद्वार संपंग प्रदक्षिणम, कृष्ण देवर्या मंडपम, रंग मंडपम तिरुमला राय मंडपम, आईना महल, ध्वजस्तंभ मंडपम, नदिमी पडी कविली, विमान प्रदक्षिणम, श्री वरदराजस्वामी श्राइन पोटु आदि हैं।

**आश्चर्यजनक तथ्य...**

*भगवान बालाजी के सिर पर रेशमी केश हैं और उनमें गुत्थियां नहीं पड़ती और वह हमेशा ताजा रहते हैं। मंदिर से 23 किलोमीटर दूर एक गांव है, उस गांव में बाहरी व्यक्ति का प्रवेश निषेध है। वहीं से लाए गए फूल भगवान को चढ़ाए जाते हैं। गर्भगृह मे जलने वाले दीपक कभी बुझते नही हैं।*

कंटेंट: श्रवण भाटी







## छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव: कांग्रेस के प्रत्याशियों में आठ नए चेहरे

# CM बघेल का मुकाबला अपने भतीजे से, सिंहदेव अपने गढ़ से लड़ेंगे

एजेंसी | रायपुर/ दिल्ली

कांग्रेस ने 90 सदस्यीय छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को जारी पहली सूची में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत 30 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। सूची में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव और कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं।

इनके अलावा सूची में कई नए चेहरे शामिल हैं। पार्टी ने आठ विधायकों की टिकट काट दिए हैं। इनके अलावा मंत्री रहे गुरु रुद्र कुमार के विधानसभा क्षेत्र में बदलाव किया है। सीएम बघेल





को पाटन सीट से उम्मीदवार बनाया है, जहां उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल से होगा। विजय उनके भतीजे हैं। वहीं, उपमुख्यमंत्री सिंहदेव को भी उनके वर्तमान विधानसभा क्षेत्र अंबिकापुर से उम्मीदवार बनाया गया है। अंबिकापुर सीट को सिंहदेव का गढ़ माना जाता है। राज्य के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को दुर्ग-ग्रामीण. विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत को सक्ती और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को कोंडागांव से टिकट दिया गया है। पार्टी ने चित्रकोट विधानसभा सीट से सांसद दीपक बैज को टिकट दिया है। वैज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं।

छत्तीसगढ़ की कुल 90 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में सात और 17 नवंबर को मतदान होगा। प्रत्याशियों की घोषणा के बाद सीएम बघेल ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, छत्तीसगढ़ महतारी का मिला आशीर्वाद अब क्षेत्र की जनता भी देगी आशीर्वाद। नवरात्रि के प्रथम दिन, शुभ अवसर पर प्रत्याशियों की सूची जारी हुई है।

### इनके कटे टिकट, इन्हें मिला मौका

पार्टी ने जिन आठ विधायकों की टिकट काटकर नए चेहरे को मौका दिया है, उनमें पंडरिया विधानसभा क्षेत्र से ममता चंद्राकर की जगह नीलकंठ चंद्रवंशी, खुज्जी विधानसभा से छन्नी साहू की जगह भोलाराम साहू, कांकेर विधानसभा में शिशुपाल शोरी की जगह शंकर ध्रुव, डोंगरगढ़ विधानसभा से भुवनेश्वर सिंह बागेल की जगह हर्षिता स्वामी बागेल को प्रत्याशी बनाया गया है। इसी तरह नवागढ़ क्षेत्र से गुरु दयाल बंजारे की जगह गुरु रुद्र कुमार, अंतागढ़ विधानसभा में अनूपनाग की जगह रूप सिंह पोटाई को टिकट दिया गया है। वहीं, चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र से रामजन बेंजाम की जगह दीपक बैज को मैदान में उतारा है। दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से देवती कर्मा की जगह छविंद्र कर्मा को मौका मिला है। वहीं, कांग्रेस के दिवंगत नेता महेन्द्र कर्मा के बेटे को भी कांग्रेस ने उम्मीदवार घोषित किया है। छविंद्र कर्मा को दंतेवाड़ा से उम्मीदवार बनाया गया है।

### रमन सिंह को टक्कर देंगे गिरीश देवांगन

कांग्रेस ने राजनांदगांव विधानसभा सीट में भी बदलाव करते हुए वहां से भी नए चेहरे को मैदान में उतारा है। राजनांदगांव सीट से भाजपा ने राज्य के पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह को मैदान में उतरा है, जिनको कांग्रेस के गिरीश देवांगन टक्कर देंगे। बघेल ने कहा, राजनांदगांव की जनता इस बार गिरीश देवांगन को आशीर्वाद देगी। उन्होंने कहा, चुनाव तो पार्टी लड़ती है और मुझे पूरा विश्वास है कि सब लोग मिलकर चुनाव लड़ेंगे और सफलता मिलेगी। छत्तीसगढ़ में अभी कांग्रेस की सरकार है। वहीं, भाजपा मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है। राज्य में 2018 में हुए पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने 68 सीटें जीतकर 15 साल बाद सत्ता में वापसी की थी। भाजपा को इस चुनाव में 15 सीटें हासिल हुई थीं।

### टिकट वितरण सर्वे के आधार पर

सीएम बघेल ने कहा कि टिकट का वितरण सर्वे के आधार पर किया गया है। जिस क्षेत्र में जिस उम्मीदवार को ज्यादा अंक मिले हैं, पार्टी ने उसे ही उम्मीदवार घोषित किया है। जिन विधायकों के टिकट कट गए हैं, उनको भी समय आने पर जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी हाई कमान ने सभी टिकट सोच समझकर दिए हैं।

## कांग्रेस से नहीं, जोरम पीपुल्स मूवमेंट से है चुनौती



**आइजोल।** मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथंगा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को एक या दो सीटें मिल सकती हैं। वहीं, राहुल गांधी की आगामी यात्रा को लेकर उन्होंने कहा, इससे कांग्रेस को फायदा होगा, लेकिन मिजोरम के लोगों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, इसलिए मुझे लगता है कि इसका कोई मतलब नहीं है। जोरमथंगा ने कहा है कि राज्य में मिजो नेशनल फ्रंट ही सरकार बनाएगी। मेरा मानना है कि 40 सीटों में से मेरी पार्टी 25 से 30 सीटें जीतेगी। हम इसके लिए भरपूर कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, यहां हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती जोरम पीपुल्स मूवमेंट है।

## दिग्विजय सिंह के इस्तीफे का फर्जी पत्र वायरल

**भोपाल।** कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई ने रविवार को पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई, जिसमें दावा किया गया है कि एक फर्जी पत्र सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया ताकि यह धारणा बनाई जा सके कि पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी होने के बाद इस्तीफा दे दिया है। इस कथित पत्र के सोशल मीडिया पर वायरल होने के कुछ ही देर में सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर इसे फर्जी करार दिया। कांग्रेस ने 17 नवंबर को होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 144 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची रविवार को जारी की।

## तेलंगाना: बीआरएस का घोषणा पत्र जारी

# लगी वादों की झड़ी, 400 रुपए में देंगे LPG सिलेंडर

एजेंसी | हैदराबाद

तेलंगाना में विधानसभा चुनाव की तारीखों को ऐलान होने के बाद सत्तारूढ़ दल भारत राष्ट्र समिति ने रविवार को अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया। जिसमें पार्टी ने जनता के लिए कई लोक-लुभावन वादे किए हैं।

घोषणापत्र में सभी पात्र परिवारों को 400 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का वादा किया गया है। साथ ही कहा गया है कि पार्टी रायथु बंधु योजना के तहत मिलने वाली राशि को 10,000 रुपए से धीरे-धीरे बढ़ाकर 16,000 रुपए प्रति वर्ष करेगी। बीआरएस ने दावा किया सभी वादे सरकार बनने के छह से सात महीने में लागू किए जाएंगे। राज्य के मुख्यमंत्री और बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव ने घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान उन्होंने कहा, मैंने बार-बार कहा है कि कुछ को छोड़कर अन्य सभी मौजूदा विधायकों को जीत मिलेगी। जिन्हें टिकट नहीं मिला है, उन्हें समझाने की कोशिश की है कि विधायकी का टिकट ही अंतिम नहीं है, भविष्य में भी कई मौके आएंगे।



### जनता से किए 99% वादे पूरे

केसीआर ने कहा कि कई योजनाएं हमारे पिछले घोषणा पत्र में नहीं थी फिर भी उन्हें लागू किया गया जैसे तेलंगाना अन्नपूर्णा योजना, कल्याण लक्ष्मी योजना और रायतु भीमा योजना। हमने राज्य की जनता से किए 99 प्रतिशत वादों को पूरा किया है। घोषणा पत्र में कहा गया है कि आसरा योजना के तहत दी जाने वाली आर्थिक मदद 2 हजार से बढ़ाकर तीन हजार कर दी गई है। अगले पांच सालों में इस योजना के तहत हर साल पांच सौ रुपए बढ़ाकर इसे पांच हजार किया जाएगा।

### उम्मीदवार शांति बनाए रखें

सीएम राव ने कहा कि कुछ जगहों पर ऐसी घटनाएं हुई हैं, जहां हमने उम्मीदवार बदला है। वहीं अधिकतर सीटों पर सब कुछ आराम से बिना किसी लड़ाई के तय हुआ है। उम्मीदवारों को शांति बनाए रखनी चाहिए और किसी के बहकावे में आकर भड़कना नहीं चाहिए।

### BRS ने जनता से किए बड़े वादे

- गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले सभी 93 लाख परिवारों को पांच लाख रुपए का जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। प्रीमियम का खर्च सरकार वहन करेगी
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन अगले पांच वर्षों में धीरे-धीरे बढ़ाकर 5,000 रुपए प्रति माह कर दी जाएगी, जो फिलहाल 2,016 रुपए है
- सत्ता में लौटने के बाद पहले वर्ष में इसे बढ़ाकर 3,016 रुपए किया जाएगा, फिर अगले चार वर्षों में 5,000 रुपए कर दिया जाएगा
- दिव्यांग व्यक्तियों की पेंशन आने वाले पांच वर्षों में मौजूदा 4,016 रुपए से बढ़ाकर 6,016 रुपए कर दी जाएगी
- 'रायतू बंधु' योजना के तहत किसानों को प्रतिवर्ष प्रति एकड़ 10,000 रुपए मिलते हैं, जिसे अगले पांच वर्षों में धीरे-धीरे बढ़ाकर 16,000 रुपए प्रति वर्ष कर दिया जाएगा।
- 'पात्र लाभार्थियों' को 400 रुपए में गैस सिलेंडर देगी और शेष राशि राज्य सरकार वहन करेगी
- 'आरोग्य श्री'स्वास्थ्य योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा कवर बढ़ाकर 15 लाख रुपए करने का भी वादा।

## तेलंगाना विधानसभा चुनाव

# कांग्रेस की पहली सूची: प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी समेत दिग्गज नेताओं के नाम

एजेंसी | दराबाद/ दिल्ली

कांग्रेस ने 119 सदस्यीय तेलंगाना विधानसभा के चुनाव के लिए रविवार को पार्टी के 55 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिसमें पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी और विधायक दल के नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क तथा कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। पार्टी ने मौजूदा पांचों विधायकों को टिकट दिया है।

रेवंत रेड्डी को कोडंगल विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, विक्रमार्क को मधीरा विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद उत्तम कुमार रेड्डी को हुजूरनगर से उम्मीदवार बनाया गया है। रेड्डी तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी वह इस सीट से जीते थे। हालांकि, उनके सांसद बनने के बाद हुए उप चुनाव में यह सीट सत्ताधारी पार्टी टीआरएस के पास चली गई थी। रेड्डी राज्य में पार्टी के सबसे बड़े चेहरों में शामिल हैं। वहीं, वरिष्ठ नेता अंजन कुमार यादव को मुशीराबाद से टिकट दिया गया है।





### BRS से आए MLA व उनके बेटे को टिकट

बीआरएस से कांग्रेस में आए मलकानगिरि सीट से विधायक हनुमंत राव मैनामपल्ली को पार्टी ने यहीं से टिकट दिया है। हनुमंत राव के बेटे डॉ. रोहित मैनामपल्ली को भी पार्टी ने मेडक जिले की मेडक सीट से मैदान में उतारा है। ज्ञात रहे कि के. चंद्रशेखर राव सरकार के मंत्री टी. हरीश राव से साथ जारी खींचतान और बेटे को टिकट नहीं मिलने के कारण हनुमंत राव ने हाल ही में बीआरएस छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा था। रोहित पिछले कुछ महीनों से मेडक में काफी सक्रिय हैं। कोविड के दौरान भी रोहित मेडक में लोगों की मदद करने में काफी सक्रिय रहे थे। हनुमंत राव ने बीआरएस को अविभाजित मेडक और ग्रेटर हैदराबाद में मजबूत करने के लिए जाने जाते हैं। वह 2009 से 2014 तक मेडक विधानसभा सीट से तेलुगु देशम पार्टी के विधायक रह चुके हैं। बीआरएस में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने उन्हें एमएलसी बना दिया। बाद में 2018 के विधानसभा चुनाव में हनुमंत राव मैनामपल्ली सीट से जीतकर विधानसभा पहुंचे।

### नरसिम्हा को एंडोले सीट से प्रत्याशी

कांग्रेस ने राज्य के बड़े दलित चेहरे सी. दामोदर राजा नरसिम्हा को एंडोले सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। यह सीट एससी उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। नरसिम्हा संयुक्त आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम रह चुके हैं। अगस्त में ही उन्हें कांग्रेस वर्किंग कमिटी की सदस्य बनाया गया। इसके अलावा माधीरा विधानसभा सीट से भट्टी विक्रमार्क मल्लू को टिकट दिया गया है। ये सीट भी एससी उम्मीदवार के लिए रिजर्व है। विक्रमार्क कांग्रेस विधायक दल के नेता हैं और वह तीन बार इस सीट से विधायक रह चुके हैं।

## राकांपा के संस्थापक शरद पवार का दावा

# कमजोर हो रही है भाजपा की ताकत

एजेंसी | मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार ने कहा है कि भाजपा की राजनीतिक ताकत देश के कई हिस्सों में लगातार कमजोर पड़ रही है।

उन्होंने देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एनसीपी नेताओं-पदाधिकारियों की बैठक के दौरान कहा कि जनता ऐसे दलों और नेताओं को भी नकार रही है, जो भाजपा के साथ गठबंधन करने की योजना बना रहे हैं। पवार ने अपने दावे के समर्थन में दक्षिण में भाजपा



के कमजोर जनाधार की बात भी कही। पवार का दावा है कि आने वाले चुनाव में भाजपा को बड़ा झटका लगने वाला है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में ऐसा देखा जा रहा है कि जनता भाजपा का साथ देने वाले दूसरे दलों और नेताओं का समर्थन भी नहीं कर रही है।

### सत्ता के दुरुपयोग के कारण कुर्सी छिनेगी

शरद पवार ने यह भी कहा कि चुनाव के बाद राजनीतिक तस्वीर साफ हो जाएगी। उन्होंने कहा, भाजपा के सत्ता खोने का कारण सत्ता का दुरुपयोग है। उस पार्टी के फैसले आम आदमी को सशक्त नहीं बना रहे हैं। बता दें कि पांच राज्यों में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। अगले साल लोक सभा चुनाव भी होंगे।

## ओडिशा: 'इंडिया' का विरोध प्रदर्शन अगले माह

एजेंसी | भुवनेश्वर

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के नेता और समर्थक अगले महीने ओडिशा तथा केंद्र सरकार की 'जनविरोधी' नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटीअध्यक्ष शरत पटनायक ने रविवार को कहा कि नवंबर में राज्य के चार स्थानों पर कांग्रेस सहित कम से कम 17 गैर भाजपा और गैर बीजद पार्टियों के नेता बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का आरोप

# पैसे लेकर सवाल पूछती हैं मोइत्रा

एजेंसी | नई दिल्ली

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर लोकसभा में सवाल पूछने के नाम पर घूस लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि ये सदन की अवमानना है। इसकी तत्काल जांच कराई जाए। दुबे ने पत्र में लिखा है कि एक प्रसिद्ध व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के बिजनेस हितों को ध्यान में रखते हुए सवाल पूछे गए। मोइत्रा





के हालिया 61 सवालों में से 50 सवाल ऐसे हैं, जो दर्शन हीरानंदानी और उनकी कंपनी के व्यावसायिक हितों की रक्षा करने या उन्हें फायदा पहुंचाने के लिए पूछे गए। दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को बताया कि दिल्ली के एक अधिवक्ता जय अनंत देहाद्रई ने पूरी पड़ताल की है, लोकसभा में महुआ की ओर से पूछे गए सवालों की लिंक अटैच की है और साथ ही यह भी बताया है कि पूछे गए सवाल किस तरह एक ही उद्योगपति के संबंधित थे।

## मध्य प्रदेश: कांग्रेस की पहली सूची जारी

# युवाओं पर फोकस, कई वरिष्ठ नेताओं के टिकट कटे तो कई बने प्रत्याशी

एजेंसी | नई दिल्ली/भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने नवरात्र के पहले दिन रविवार को 230 विधानसभा सीटों में से 144 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। इनमें से 60 से ज्यादा चेहरे पुराने ही हैं। यानी कांग्रेस ने पुराने विधायकों को ही एक बार फिर मौका दिया है।

पार्टी ने अपनी पहली सूची में कई वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतारा है। इनमें प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के अलावा चुरहट सीट से अजय सिंह, राघौगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बेटे जयवर्धन सिंह और राऊ सीट से पूर्व मंत्री जीतू पटवारी के नाम प्रमुख हैं। दिग्विजय सिंह के छोटे



भाई लक्ष्मण सिंह को भी उम्मीदवार बनाया गया है। हालांकि कुछ वरिष्ठ नेताओं के नाम भी काटे गए हैं जिनमें कांतिलाल भूरिया का नाम भी शामिल है। पार्टी ने अपने सीएम चेहरे कमलनाथ को उनकी परम्परागत छिंदवाड़ा सीट से ही चुनाव मैदान में उतारा है। कमलनाथ छिंदवाड़ संसदीय सीट से रिकॉर्ड नौ बार प्रतिनिधत्व कर चुके हैं जबकि वह इस विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में पिछली बार पहली बार विधायक निर्वाचित हुए थे। पार्टी ने राज्य में अपनी पहली सूची में ज्यादातर उम्मीदवारों को सर्वे के आधार पर मैदान उतारा है। साथ ही युवा प्रत्याशियों पर भी फोकस रखा है। 65 प्रत्याशी 50 साल से कम आयु के हैं। वहीं, 19 महिलाओं को भी प्रत्याशी बनाया गया है।

### CM चौहान के सामने टीवी के हनुमान



कांग्रेस ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने बुधनी सीट से एक नया प्रयोग करते हुए टीवी अभिनेता विक्रम मस्ताल को टिकट दिया है। मस्ताल साल 2008 में रामायण सीरियल में भगवान हनुमान का किरदार निभा चुके हैं। मस्ताल को खुद पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पार्टी की सदस्यता दिलाई थी। तभी से मस्ताल मुख्यमंत्री चौहान की बुधनी विधानसभा सीट में अधिक सक्रियता बनाए हुए हैं। इस क्षेत्र में उनकी सक्रियता को देख कमलनाथ ने कांग्रेस में नर्मदा सेवा सेना संगठन का गठन किया, जिसका सह प्रभारी भी विक्रम मस्ताल को ही बनाया गया था। लेकिन राजनीतिक विश्लेषक मस्ताल की उम्मीदवारी की कांग्रेस की रणनीति पर सवाल भी उठा रहे हैं। उनका कहना है कि बुधनी सीट भाजपा का गढ़ मानी जाती है और सीएम शिवराज सिंह चौहान जैसे मजबूत चेहरे के सामने मस्ताल को टिकट देना कांग्रेस को भारी पड़ सकता है। कुछ लोग इसे शिवराज को वाकओवर देने जैसा मान रहे हैं। इस सीट पर पिछले 20 साल से भाजपा का कब्जा है।

### सूची का यह है सामाजिक गणित

- 47 प्रत्याशी सामान्य वर्ग से
- 39 प्रत्याशी ओबीसी वर्ग से
- 06 प्रत्याशी अल्पसंख्यक वर्ग से
- 22 प्रत्याशी एससी से
- 30 प्रत्याशी एसटी वर्ग से

### कमलनाथ के सामने भाजपा के विवेक साहू

छिंदवाड़ा में कांग्रेस के सीएम चेहरे कमलनाथ के सामने भाजपा के विवेक बंटी साहू को मैदान में हैं। वहीं कांग्रेस ने दतिया में भाजपा प्रत्याशी व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के सामने अवधेश नायक को चुनावी मैदान में उतारा है। डॉ. मिश्रा 2008 से ही दतिया का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कांग्रेस ने इंदौर-1 सीट से भाजपा के दिग्गज प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय को टक्कर देने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय शुक्ला को टिकट दिया है। शुक्ला वर्तमान में इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### शिवपुरी में कांग्रेस का बड़ा दांव

कांग्रेस ने ज्योतिरादित्य सिंधिया के शिवपुरी सीट से चुनाव लड़ने की अटकलों के बीच अपनी रणनीति बदलते हुए यहां से पिछोर के मौजूदा विधायक केपी सिंह को टिकट दिया है। केपी सिंह पिछोर सीट से 6 बार चुनाव जीत चुके हैं। वहीं, पिछोर सीट से शैलेन्द्र सिंह को टिकट दिया गया है। शिवपुरी सीट से अभी यशोधरा राजे सिंधिया विधायक हैं। कांग्रेस ने झाबुआ विधानसभा सीट से कांतिलाल भूरिया की जगह उनके बेटे विक्रांत भूरिया को टिकट दिया है।

## जरूरी खबर

### पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एमएस गिल का निधन



**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त और कांग्रेस नेता मनोहर सिंह गिल का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को दिल्ली में किया जाएगा। पद्म विभूषण से सम्मानित गिल ने साउथ दिल्ली के साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। गिल ने 1996 से 2001 तक भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्य किया था। वह कांग्रेस सरकार में खेल मंत्री भी रहे। इसके अलावा उन्होंने सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री का पद भी संभाला। पंजाब कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी गिल 2004 में कांग्रेस के टिकट पर राज्यसभा के लिए चुने गए थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने गिल के निधन पर दुख व्यक्त किया है।

### फर्जी ईडी अफसर बन 3 करोड़ 20 लाख लेकर फरार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। शनिवार सुबह बाबा हरिदास नगर इलाके में ईडी के अधिकारी बनकर 6 बदमाश हथियारों के साथ घर में दाखिल हुए। इसके बाद घर से 3 करोड़ 20 लाख रुपए कैश लेकर फरार हो गए। बाद में पीड़ित ने पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस की पीसीआर वैन ने एक कार को नरेला में पिकेट लगाकर पकड़ लिया और करीब 50 लाख रुपए बरामद किए। इस मामले में पुलिस ने कुछ आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच चल रही है।

### सेवानिवृत्त हाथी को श्रद्धांजलि देने उमड़े लोग

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुदुमलाई टाइगर रिजर्व से पिछले साल सरकारी नौकरी से रिटायर हुए मैग्ना हाथी की शनिवार को मौत हो गई। उसे श्रद्धांजलि देने के लिए सैकड़ों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। अभयारण्य की डिप्टी डॉयरेक्टर विद्या का कहना है कि मैग्ना हाथी को 1998 में पकड़ा गया था। इसके बाद से ही यह हाथी शिविर में रह रहा था। इस हाथी का सभी प्रकार के ऑपरेशनों में प्रयोग किया जाता रहा है, लेकिन पिछले साल यह हाथी सरकारी सेवा से रिटायर हो गया था। डिप्टी डॉयरेक्टर के मुताबिक, हाथी की उम्र करीब 58 साल थी. पिछले साल रिटायर होने के बाद से उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं था।

## हाफ मैराथन में दौड़े लोग









*नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने राजधानी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान दौड़ में शामिल लोग।*

### अंतरिक्ष में कई परचम फहराने की तैयारी में इसरो

# गगनयान मिशन की पहली टैस्ट फ्लाइट 21 अक्टूबर को


**एजेंसी** | मदुरै

सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) गगनयान मिशन की तैयारी कर रहा है। इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ ने रविवार को बताया कि अंतरिक्ष के रहस्यों की खोज के लिए 21 अक्टूबर को गगनयान मिशन की पहली टेस्ट फ्लाइट भेजेगा। इसके बाद तीन और टेस्ट फ्लाइट भेजी जाएंगी।

सोमनाथ ने यहां संवादाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि 21 अक्टूबर को पहली टेस्ट व्हीकल डेवलपमेंट फ्लाइट (TV-D1) के बाद हमने D2, D3 और D4 की प्लानिंग की है।

उन्होंने कहा कि गगनयान के फाइनल लॉन्च से पहले हर महीने कम से कम एक उड़ान लॉन्च होती रहेगी। गगनयान परीक्षण वाहन के प्रक्षेपण के बाद, गगनयान मानवरहित मिशन होगा। बीच में एक पीएसएलवी प्रक्षेपण होगा। इसलिए जनवरी से पहले, आप कम से कम 4-5 लॉन्च देखेंगे।






### क्या है गगनयान मिशन

मिशन गगनयान भारत का महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशन है जिसमें अंतरिक्ष यात्रियों को धरती से 400 किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में भेजा जाना है। उसके बाद इसे वापस पृथ्वी पर लाना तथा बंगाल की खाड़ी के समुद्र में उतारने की योजना है। अगले साल के अंत में इसे फाइनली लॉन्च किया जाना है। उसके पहले अंतरिक्ष यात्रियों के सुरक्षित वापसी के लिए कई टेस्ट लॉन्च होंगे।

### परखा जाएगा क्रू एस्केप सिस्टम

इसरो चीफ ने कहा कि गगनयान कार्यक्रम के लिए क्रू एस्केप सिस्टम का प्रदर्शन करते देखने के लिए परीक्षण की आवश्यकता है। गगनयान में क्रू एस्केप सिस्टम एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रणाली है। यदि रॉकेट को कुछ भी होता है, तो रॉकेट के विस्फोट में जलने से पहले कम से कम दो किमी दूर चालक दल को ले जाकर बचाना है। इसलिए यह परीक्षण क्रू मेंबर्स के एस्केप की प्रणाली को प्रदर्शित करने के लिए है। इसे ट्रांसोनिक स्थिति कहा जाता है।

### अगले साल जनवरी मध्य तक लैग्रेंज प्वाइंट-1 पर पहुंचेगा हमारा आदित्य एल-1

सोमनाथ ने बताया कि सूरज के अध्ययन के लिए भारत का महत्वाकांक्षी सौर मिशन आदित्य एल-1 बिल्कुल सही सलामत धरती से 15 लाख किलोमीटर दूर एल-1 प्वाइंट के लिए बढ़ रहा है और जनवरी के मध्य तक लैग्रेंज प्वाइंट-1 (एल-1) तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, यह (आदित्य एल-1) बहुत अच्छा काम कर रहा है। वर्तमान में, पृथ्वी से L1 बिंदु तक यात्रा करने में लगभग 110 दिन लगते हैं, तो जनवरी के मध्य तक यह एल 1 प्वाइंट पर पहुंच जाएगा। फिर उस प्वाइंट पर, हम यान के इंसरशन की प्रक्रिया शुरू करेंगे। उसे हेलो ऑर्बिट कहा जाता है. यह एक बड़ी कक्षा है।

### दिवंगत अग्निवीर को 'गार्ड ऑफ ऑनर' नहीं देने पर सियासी बवाल

## CM मान ने की एक करोड़ रुपए देने की घोषणा, किए सवाल







**एजेंसी** | नई दिल्ली/चंडीगढ़


पंजाब में विपक्षी दलों ने 11 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर में जान गंवाने वाले अग्निवीर अमृतपाल सिंह के अंतिम संस्कार के दौरान सेना द्वारा 'गार्ड ऑफ ऑनर' नहीं दिए जाने पर दुख व्यक्त किया। हालांकि, सेना ने एक बयान में कहा कि सिंह की मौत खुद को गोली मार लेने के कारण हुई थी, इसलिए मौजूदा नीति के अनुसार उन्हें कोई 'गार्ड ऑफ ऑनर' नहीं दिया गया या सैन्य अत्येष्टि नहीं की गई। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी कहा कि उनकी सरकार इस मामले को लेकर केंद्र के समक्ष कड़ा प्रतिरोध जताएगी। मान ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि सिंह की शहादत को लेकर सेना की जो भी नीति हो, लेकिन एक शहीद के लिए उनकी सरकार की नीति वही रहेगी और राज्य की नीति के अनुसार सैनिक के परिवार को एक करोड़ रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि अमृतपाल सिंह देश के शहीद हैं। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि वह यह जानकर स्तब्ध हैं कि सिंह का अंतिम संस्कार सैन्य 'गार्ड ऑफ ऑनर' के बिना किया गया। उन्होंने मामले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से हस्तक्षेप की मांग करते हुए सभी शहीद सैनिकों को सैन्य सम्मान देने के लिए आवश्यक निर्देश देने की मांग की। आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि अग्निवीर योजना जब आई थी, तब आम आदमी पार्टी ने उस पर सवाल उठाए थे।

### बिरला ने पी-20 सम्मेलन को बताया सफल

## आतंकवाद शांति व विकास में बाधक

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा है कि भारत आतंकवाद के सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा करता है। वैश्विक शांति और समृद्धि का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद शांति और विकास में बाधक है। आतंक के सभी स्त्रोतों को सामूहिक संकल्पशक्ति से परास्त करना होगा। बिरला रविवार को यहां संसद परिसर में पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली P20 शिखर सम्मेलन अब तक का सबसे सफल P20 शिखर सम्मेलन रहा है। उन्होंने बताया कि शिखर सम्मेलन में कुल 29 देशों से 37 अध्यक्षों-उपाध्यक्षों और शिष्टमंडलों ने भाग लिया। बिरला ने कहा कि जी20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संयुक्त घोषणा पत्र पर आम सहमति के पश्चात पी20 में भी देश संयुक्त घोषणा पत्र पर आम सहमति बनाने में कामयाब रहा। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और डेटा सुरक्षा का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि सम्मेलन में कुछ देशों ने इसके विश्वसनीय और उत्तरदायित्वपूर्ण प्रयोग और डेटा सुरक्षा पर बल दिया।



### आपात चिकित्सा स्थिति में कराची में उतरा विमान

**नई दिल्ली।** दुबई से अमृतसर आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान को आपात चिकित्सा स्थिति के चलते शनिवार को कराची की ओर मोड़ दिया गया। विमानन कंपनी के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान में एक यात्री को अचानक चिकित्सीय समस्या हो गई और चालक दल ने विमान को कराची की ओर मोड़ने का विकल्प चुना, क्योंकि यह तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सके।

### अधीर के वायरल वीडियो पर बवाल

## बिना हेलमेट के चलाई मोटरसाइकिल

**एजेंसी** | कोलकाता

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी के रविवार मोटरसाइकिल चलाने के एक वीडियो वायरल हो रहा है जिससे उन पर सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने के आरोप लग रहे हैं।



एक बार तो वह बाइक के हैंडल से अपने दोनों हाथ उठा लेते हैं और अपनी टोपी ठीक करते हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो पश्चिम बंगाल के बेरहामपुर का है। अधीर रंजन ने कहा कि इस जगह से उनकी कई सारी यादें जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा, अगर पुलिस मेरे ऊपर जुर्माना लगाती है तो कोई दिक्कत नहीं है। मगर, मैं जहां पर बाइक चला रहा था, वहां कोई था ही नहीं।'

### बाइक चलाते हुए हवा में उठाए दोनों हाथ

रिपोर्ट के मुताबिक, अधीर रंजन चौधरी ने उद्घाटन कार्यक्रम तक पहुंचने के लिए बाइक से जाने का फैसला लिया। रॉयल एनफील्ड से उन्होंने करीब 11 किलोमीटर की दूरी तय की। कांग्रेस नेता जिस सड़क पर मोटरसाइकिल चला रहे थे उसके साइड में लोग थे जिनका उन्होंने अभिवादन भी स्वीकार्य किया।

### वायुसेना की बढ़ेगी ताकत

# अब 'अंगद' और 'उत्तम' से लैस होंगे स्वदेशी लड़ाकू विमान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

एकअहम कदम के तहत स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमानों (एलसीए) को 'उत्तम' रडार से सुसज्जित किया जाएगा। इसके अलावा 'अंगद' इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट को भी विमानों में इंस्टॉल कराने का फैसला लिया गया है। सेना ने एक बयान में बताया कि इन तकनीकों के इस्तेमाल से सेना की ताकत बढ़ेगी और विदेशी सिस्टम पर निर्भरता कम होगी।

सेना ने एक बयान में कहा, सैन्य हथियार प्रणालियों के स्वदेशीकरण के प्रयास हो रहे हैं। इसी कड़ी में भारत में निर्मित हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) -मार्क1ए को 'उत्तम' रडार और 'अंगद' इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट से सुसज्जित किया जाएगा। उत्तम एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड एरे रडार और अंगद इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट को स्वदेशी रूप से विकसित किया जा रहा है। यह बहुत जल्द एलसीए मार्क-1ए विमान के साथ इंटीग्रेट होने के लिए तैयार हो जाएगा। वायुसेना पहले ही 83 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमानों के लिए ऑर्डर दे चुकी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सेना निकट भविष्य में 97 और विमानों के लिए ऑर्डर देने जा रही है। एक सूत्र ने कहा, 41वें विमान से लेकर 83 एलसीए मार्क1ए विमानों के ऑर्डर तक, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट और एईएसए रडार भारत में बनाए जाएंगे, जिससे इन विमानों में स्वदेशी सामग्री बढ़ेंगे। आयात पर निर्भरता काफी कम हो जाएगी।



### रक्षा मंत्रालय को बताई जा चुकी है योजना

सूत्रों ने बताया कि उत्तम रडार का प्रदर्शन भी विकास चरण में बहुत आशाजनक रहा है। इसे उच्च-स्तरीय लड़ाकू विमानों में इस्तेमाल करने पर भी विचार किया जा रहा है। सूत्रों ने कहा कि वायु सेना की योजना के अनुसार, भारत में निर्मित विमान अपने बेड़े में मिग-श्रृंखला के लड़ाकू विमानों की जगह लेंगे। उन्होंने कहा कि योजनाएं रक्षा मंत्रालय और अन्य सभी हितधारकों के समक्ष पेश की जा चुकी है।

### नौसेना कमांडर ने लिया तैयारियों का जायजा

इसी बीच, रविवार को सैन्य तैयारियों की समीक्षा के लिए नौसेना की पश्चिमी कमान के कमांडर वाइस एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी पश्चिमी बेड़े के युद्धपोतों पर रवाना हुए। उन्होंने पनडुब्बी रोधी, विमान भेदी और सतही अभ्यास और आईएनएस विक्रमादित्य के हवाई संचालन सहित एक यथार्थवादी बहु-खतरे परिदृश्य में कई प्लेटफार्मों से की गई लाइव फायरिंग देखी। भारतीय नौसेना के अधिकारी ने बताया कि वाइस एडमिरल त्रिपाठी ने परिचालन और युद्ध की तैयारियों की समीक्षा करने के अलावा हाल ही में बेड़े में शामिल- एमएच-60आर हेलिकॉप्टर की सवारी भी की। उन्होंने बेड़े के शीघ्र एकीकरण के लिए किए गए प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया।

### विदेशी मुद्रा की बचत पर जोर

परियोजनाओं को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन की अलग-अलग प्रयोगशालाओं में कार्यान्वित किया जा रहा है। रक्षा उद्योग में रोजगार के अवसर पैदा करते हुए एलसीए को स्वदेशी हथियार प्रणालियों के साथ फिर से स्थापित करने पर जोर देने से विदेशी मुद्रा में लाखों की बचत होगी।

### 8 बंदरगाहों पर लगेंगे विकिरण जांच उपकरण

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार भूमि बंदरगाहों पर विकिरण जांच उपकरण लगाने की तैयारी में है। जिसके लिए अमेरिका सहित कुछ विदेशी एजेंसियों से तकनीकी सहायता ली जा सकती है। परमाणु उपकरण बनाने में इसके संभावित उपयोग के लिए रेडियोधर्मी सामग्रियों की तस्करी की जांच करने के लिए जल्द ही आठ बंदरगाहों पर आरडीई स्थापित किए जाएंगे। आरडीई को अटारी (पाकिस्तान सीमा), पेट्रापोल, अगरतला, डावकी और सुतारकांडी (सभी बांग्लादेश सीमा पर), रक्सौल और जोगबनी (नेपाल) और मोरेह (म्यांमार) के एकीकृत चेक पोस्ट और भूमि बंदरगाहों पर स्थापित किया जाएगा।

## ट्रेंडी कलेक्शन किया शो केस, शीतल, नम्रिता और ज्योति के सिर सजा ताज

# जयपुर के रैंप पर 'नेक्स्ट सुपर मॉडल'

**बेधड़क, जयपुर।** जगमगाती लाइट्स के बीच रूहानी म्यूजिक की धुनों पर मॉडल्स ने गुलाबी नगरी में फैशन के रंग बिखेरे। अलग-अलग कैटिगरीज में उन्होंने ब्यूटी को प्रेजेंट करने के अलावा न्यू और ट्रेंडी कलेक्शन भी शोकेस किया। नजारा था जयपुर की फाइव स्टार होटल में धामोनियां प्रोडक्शन की ओर से जयपुर नेक्स्ट सुपर मॉडल शो का। इस दौरान यंगस्टर्स के साथ-साथ किड्स व मिसेज ने भी फैशन ट्रेंड दिखाए।



60 मॉडल उतरे रैंप पर

डिजाइनर ड्रेसेज थीम्स पर जयपुर नेक्स्ट सुपर मॉडल में जयपुर और राजस्थान के 50 से 60 मॉडल्स ने भाग लिया। आयोजक करन धामोनियां व भावना ने बताया कि शो में 3 से 35 साल के मॉडल्स ने 2 सिक्वेंस में रैंप वॉक कर टैलेंट दिखाया। वेस्टर्न व ट्रेडिशनल थीम्स पर मॉडल्स ने अपनी अदाओं से मन मोह लिया। निर्देशक विराट संजय व विकास डंगोरिया ने बताया कि ग्रैंड फिनाले से पहले मॉडल्स को 2 दिन की ग्रूमिंग वर्कशॉप फाल्गुनी सोनी व खेमन्त शर्मा ने दी। साथ ही सभी मॉडल्स का इंडोर व आउटडोर फोटो सेशन किया गया। संजना व अमीषा ने बताया कि इवेंट में डिजाइनर ड्रेस का कलेक्शन नेहा क्रिएशन, प्रदीप चौहान व अदिति मिश्रा ने प्रजेंट किया तो मेकओवर आशा कुमावत व उनकी टीम का रहा।

### ये रहे विनर्स

मिस्टर कैटेगरी में मोहम्मद मुस्लिम, मिस केटेगरी में शीतल शर्मा, किड्स कैटेगरी में नम्रिता, मिसेज कैटेगरी में ज्योति वासवानी विजेता रहे। इवेंट में जूरी की भूमिका में प्रिंस रोहित, परिनीता शर्मा , सोनल चौधरी व अंजुम अब्बास मौजूद रहे। सनी पहाड़ियां ने शो हॉस्ट किया।

## श्रीमालेश्वर महादेव के नवचंडी महायज्ञ

**बेधड़क, जयपुर।** मालवीय नगर सेक्टर-12 स्थित श्रीमालेश्वर महादेव मंदिर में श्रीनवदुर्गा सप्तशती नवचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया। आचार्य डॉ. लवभूषण के सानिध्य में महायज्ञ की शुरुआत विधि-विधान से हुई। नवचंडी 11 पंडितों ने सामूहिक रूप से नवचंडी पाठ किया। दोपहर ढाई बजे 9 हवन यज्ञ कुंडों में हवन किया गया। मुख्य हवन कुंड में आचार्य डॉ. लवभूषण ने सपत्नीक यज्ञ की पूर्णाहुति की।



दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां दीं। शाम को यज्ञ की पूर्णाहुति के उपरांत सामूहिक आरती हुई। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। डॉ. लवभूषण ने कहा कि नवचंडी यज्ञ देवी मां का आशीर्वाद प्राप्त करने में सहायता करता है। सप्तशती नवचंडी यज्ञ ऊजार्वान और सकारात्मक माहौल बना देता है।

## विशेष मति माताजी का दीक्षा दिवस मनाया

**बेधड़क, जयपुर।** जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में प्रवास रत गणिनी आर्यिका विशुद्ध मति माताजी की युवा शिष्या बालयोगिनी आर्यिका विशेष मति माताजी के 16वें दीक्षा दिवस के कार्यक्रम जैन धर्म के 20वें तीर्थंकर मुनिसूव्रत नाथ के विधान से शुरू हुए। प्रबंध समिति के अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि सुबह भगवान मुनिसुव्रत नाथ के जलाभिषेक के बाद विश्व शांति के लिए रिद्धि मंत्रों युक्त शान्तिधारा



हुई। इसके बाद विधान मण्डल पर विधि पूर्वक मंगल कलश की स्थापना कर शुद्धि पूर्वक साज बाज के साथ नित्य पूजन की गई और मण्डल पर मंत्र के साथ श्रावकों ने ठोने में स्थापना कर प्रत्येक वलय पर भक्ति पूर्वक श्रीफल के साथ अष्ट द्रव्य लेकर चढ़ाए गए। पूजन विधान आर्यिकाश्री के सानिध्य में ब्र. दीदी सविता ने संपन्न कराई।

## डॉ. अनीता मिश्रा अध्यक्ष और विनीत मिश्रा महामंत्री बने



**बेधड़क. जयपुर।** श्री कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास समिति के चुनाव रविवार को सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी एडवोकेट कृष्णमुरारी शर्मा ने बताया कि समिति की नवगठित कार्यकारी में अनीता मिश्रा (अध्यक्ष), मुकेश अग्निहोत्री और दया शुक्ला (उपाध्यक्ष), विनीत मिश्रा (महामंत्री), उपेंद्र मिश्रा व विजय मिश्रा (संगठन मंत्री), राजेन्द्र शुक्ला (कोषाध्यक्ष) एवं रेखा मिश्रा, श्रीकांत त्रिपाठी व राजेश मिश्रा कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए।

## जयपुराइट्स ने सेफ संग एंजॉय की लड्डू मिक्सिंग सेरेमनी



**बेधड़क. जयपुर।** डबलट्री बाय हिल्टन की ओर से दिवाली की थीम के साथ अनूठी लड्डू मिक्सिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के ब्लॉगर्स, सोशलाइट्स और कॉर्पोरेट प्रोफेशनल्स ने शिरकत की। विशेषज्ञ शेफ के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने गर्म बूंदी और सूखे मेवों को मिलाकर लड्डू बनाए। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में से एक हिल्टन द्वारा तैयार किए गए खुशियां बाय हिल्टन हैम्पर का प्रदर्शन था। 'वोकल फॉर लोकल' पहल को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम में नया सवेरा संस्था की ओर से स्टॉल लगाई गई, जहां मेहमानों के लिए मिट्टी के दीये सजाए गए। जनरल मैनेजर नीरज महर्षि ने बताया, कि दिवाली की खुशियों को बांटने के उद्देश्य से लड्डू मेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया।

## मेनोपॉज क्षेत्र में डॉ. खंडेलवाल को इंडोनेशिया में मिला सम्मान




**बेधड़क. जयपुर।** इंडोनेशिया के बाली में आयोजित हुई चार दिवसीय एशिया पैसिफिक मेनोपॉज फेडरेशन की कॉन्फ्रेंस में जयपुर की प्रख्यात स्त्री रोग व मेनोपॉज विशेषज्ञ डॉ सुनिला खंडेलवाल को मेनोपॉज क्षेत्र में चिकित्सा एवं अनुसंधान में समर्पित अनुपम सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। राजस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है कि डॉ.सुनिला ने इस अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में भारत का प्रतिनिधित्व किया और माइंड बॉडी मेडिसिन इन मिडलाइफ विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. खंडेलवाल ने मेनोपॉज के बाद की समस्याओं के समाधान के लिए जीवन शैली में बदलाव और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी साझा की।

## City इवेंट्स

### डांडिया नाइट्स का पोस्टर लॉन्च



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर में होने वाले तीन दिवसीय रंग राजस्थान डांडिया नाइट्स का आयोजन सिरसी रोड़ श्रीवन मैरिज गार्डन में 22 से 24 अक्टूबर तक किया जाएगा। गायिका मीनाक्षी राठौर ने बताया कि जयश्री जूलर्स के शोरूम में 'रंग राजस्थान डांडिया नाइट्स' का पोस्टर विमोचन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवंत कुमार, आयुष खदरिया, शिव रतन खदरिया, नरेश खदरिया आदि मौजूद रहे। प्रोग्राम में 50 से ज्यादा सेलिब्रिटी सम्मिलित होंगे।

### युवाओं ने सजाई किशोर नाइट



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर संगीत महाविद्यालय की ओर से शास्त्री नगर स्थित साइंस पार्क सभागार में किशोर कुमार नाइट का आयोजन किया गया। आगाज महाविद्यालय के विद्यार्थी मनूज मिश्रा ने 'ये शाम मस्तानी...' गाने से की। अभिषेक शर्मा व राकेश सोनी ने 'पल भर के लिए कोई हमें प्यार कर ले..., इंतहा हो गई..., दैविक राठौड़ ने 'हम थे, वो थी... गीत प्रस्तुत कर रोमांचित कर दिया। सोनू कंवर ने 'ये जो मोहब्बत है... गाया। कार्यक्रम में किशोर दा के जीवन परिचय की चर्चा की गई और संगीत के प्रति उनका समर्पण बताया गया।

### कराले ने सिखाई फोटोग्राफी



**बेधड़क, जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में शिरीष रा कराले की फोटोग्राफी वर्कशॉप में युवाओं ने गुर सीखे। तीन दिवसीय वर्कशॉप का रविवार शाम समापन किया गया, जिसमें प्रबुद्ध लोगों ने शिरकत की। इन तीन दिनों में कराले ने कैमरा पकड़ने से लेकर लाइटिंग की जानकारी दी। वर्कशॉप में 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और पोट्रेट, इनडोर, आउटडोर आदि में फोटोग्राफी करने की बारीकियां सिखाईं। कराले ने ऑब्जर्वेशन को महत्वपूर्ण बताते हुए प्रोडक्ट फोटोग्राफी, विभिन्न लाइट्स का सही उपयोग, लाइटिंग उपक्रम आदि विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कई उदाहरणों से इनके महत्व को बताया। वर्कशॉप में आए दुर्गेश ने बताया कि वर्कशॉप में मेरे कई कॉन्सेप्ट क्लीयर हुए। कराले सर के साथ बिताए इन तीन दिनों में बहुत कुछ नया सीखने को मिला। वहीं, कृतेश ने कहा कि लाइटिंग की बारीकियां जानना बेहतर अनुभव रहा। इस दौरान कई नई जानकारियां और फोटोग्राफी में आ रहे बदलावों को विस्तार से जाना।

### रजनी मोरवाल के उपन्यास का विमोचन

## उन्मुक्त प्रेम के साथ प्रकृति के चित्रण की कथा है 'बटन रोज'



**बेधड़क | जयपुर**

रजनी मोरवाल का उपन्यास 'बटनरोज' प्रेम पर लिखा गया है, जिसमें रचनाकार ने अपनी पुरानी स्मृतियों को आधार बनाया है। प्रेम के अनेक रूप हैं, किन्तु इसमें उन्मुक्त रूप सामने आया है। इसमें आनंद की परिणति है।

यह विचार वरिष्ठ कथाकार डॉ. हेतु भारद्वाज ने रखे। वे प्रगतिशील लेखक संघ, जयपुर इकाई और राधाकृष्ण पुस्तकालय के तत्वावधान में उपन्यास के विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। भारद्वाज ने कहा कि उपन्यास की यात्रा प्रकृति का अनुमोदन करती है। प्रेम का खुलापन कभी-कभी भारतीय समाज में दुविधा बन जाता है। उपन्यास में लेखिका ने साहस के साथ प्रेम के खुलेपन का चित्रण किया है। प्रेम जीवन की उदात्तता को बढ़ाता है।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार ओम थानवी ने कहा कि उपन्यास में एंग्लो इंडियन समाज के युवक को नायक बनाया है, जो साहित्य में अब तक उपेक्षित रहा है। कवि कृष्ण कल्पित ने कहा कि पतित साहित्य समय में साहित्यिक कृति पर चर्चा होना बड़ी बात है। प्रेम की खोज सदियों से चल रही है और अभी भी पूरी नहीं हुई है। वरिष्ठ आलोचक राजाराम भादु ने कहा कि उपन्यास की मुख्य पात्र मारिया एंग्लो इंडियन है। यह समुदाय भारतीय सिनेमा में पर्दे के पीछे काम करने वालों का रहा है। उपन्यास की लेखिका रजनी मोरवाल ने कहा कि यह उनका पहला रोमांटिक नॉवल है, जो प्रेम त्रिकोण पर आधारित है। उपन्यास की मुख्य किरदार मारिया नाम की एक स्त्री है, जो प्रेम की चाह में जीवन पथ पर भटकती रहती है। अंत में उसे एहसास होता है कि वह खुद के लिए अकेली ही काफी है।

## कथक की ताल और बांसुरी वादन पर झूमे श्रोता



**जयपुर।** डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान व उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला की ओर से शरद रंग महोत्सव के अंतिम दिन कथक और बांसुरी वादन खास रहा। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसफ, प्रमुख शासन सचिव श्रेया गुहा, आईएएस मेघराज सिंह रतनू, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने की। इस मौके पर मनीषा गुलियानी ने घुंघरू और तबले की मनोहारी संगत के साथ शिव स्तुति पर कथक की प्रस्तुति से दर्शकों का मनमोह लिया।

## नसिया खानिया से रवाना हुई पदयात्रा श्रीमहावीरजी पहुंची



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीदिगम्बर जैन पदयात्रा संघ के तत्वावधान में 10 अक्टूबर को संघ संरक्षक सुभाष चन्द जैन व संयोजक सुशील जैन के नेतृत्व में संघीजी की नसिया खानिया से रवाना हुई श्रीमहावीरजी की 37वीं पदयात्रा श्रीमहावीरजी पहुंची। यात्री मुख्य मंदिर पहुंचे, जहां भगवान महावीर के सामूहिक दर्शन किए। इससे पहले कटले के मुख्य द्वार पर स्थानीय जैन समाज तथा दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र प्रबंधकारिणी समिति की ओर से मैनेजर नेमी चंद पाटनी और अन्य कार्मिकों ने पदयात्रियों की अगवानी की। पदयात्रा संघ के प्रचार प्रभारी विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि पूर्व संयोजक सूर्य प्रकाश छाबड़ा के निर्देशन में मंगल वन्दना की गई।

## एंकल सर्जरी पर कॉन्फ्रेंस



**बेधड़क. जयपुर।** आईएम के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और राजस्थान अस्पताल के चेयरमैन डॉ. एसएस अग्रवाल ने कहा कि फुट एंड एंकल सर्जरी के कारण अब बढ़ती उम्र के कारण, स्पोर्ट्स इंजरी तथा कंजेनाइटल डिसऑर्डर के कारण टखने का इलाज काफी आसान और सटीक हो गया है। वे भारत में फुट एंड एंकल सर्जरी पर जयपुर में हुई पहली अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन आयोजन सचिव और ऑर्थोपेडिशियन डॉ. राहुल उपाध्याय ने किया। उन्होंने कहा कि फुट एंड एंकल सर्जरी पर भारत में पहली बार हो रही इस अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में 10 विदेशी स्पीकर्स के साथ कुल 200 प्रतिभागी शामिल हुए। इस वर्कशॉप में भारत के विभिन्न प्रांतों से आए 24 चुनिंदा पार्टिसिपेंट को ट्रेनिंग दी गई।

**संगीत संध्या** | सुदेश भौंसले और रोनू मजूमदार ने संगीत प्रेमियों को कराई सुर, लय और ताल की अनुभूति

# 'अमिताभ बच्चन की आवाज' में गानों पर झूमे जयपुराइट्स

**बेधड़क | जयपुर**

बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन की आवाज जब गुलाबी नगरी में गूंजी तो हर कोई रोमांचित हो गया। एक बार तो लगा बिग बी स्वयं आ गए, लेकिन ये टैलेंट था सिंगर्स का।

मौका था बॉलीवुड और शास्त्रीय संगीत जगत के नामी सितारे सुदेश भौंसले और बंशी बजैया पं. रोनू मजूमदार के बिड़ला ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का। सुदेश भौंसले ने एक ओर जहां उनके गाए सुपर हिट गीतों से संगीत प्रेमियों को मुरीद बनाया, वहीं



मजूमदार की बंशी की मीठी तान ने लोगों को सात सुरों के समंदर में गोते लगवाए। युवा पियानो वादक अरिहन्त जैन ने अपनी सांगीतिक प्रतिभा के बेहतरीन प्रदर्शन से श्रोताओं की दाद बटोरी। सृजन दी स्पार्क संस्था के बैनर पर आयोजित कार्यक्रम में जयपुराइट्स ने लुत्फ उठाया।

### सुदेश के गीतों ने जमाया रंग

सुदेश भौंसले ने मस्तमौला अंदा में अमिताभ बच्चन के लिए गाए कई गाने सुनाए जिनमें 'जुम्मा चुम्मा दे दे, 'मेरी मखना, मेरी सोनिए''ओ लाल दुपट्टे वाली तेरा नाम तो बता'और 'नाना नाना ना रे'गीत प्रमुख रहे।

### मजूमदार को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

मजूमदार को संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए इस साल के लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्हें संस्था चैयरमेन राजेश नवलखा, प्रेसिडेंट सुरेश ढड्ढा और चीफ पेटर्न प्रसन्न खामेसरा ने सम्मान स्वयरूप पचास हजार नकद राशि, शॉल, स्मृति चिन्ह भेंट किए। इसके बाद सजी संगीत की महफिल ने रोनू ने बांसुरी पर राग हंस ध्वनि की प्रस्तुति दी। उन्होंने कई फिल्मों के गानों में बजाई बांसुरी के पीस बजाए। उनके बजाए 'कुछ ना कहो...कुछ भी ना कहो, याद आ रही है...तेरी याद आ रही है और तेरे लिए पलकों की झालर बुनुं आदि गीत थे। उनके साथ तबले पर महेंद्र शंकर डांगी ने संगत की।

दुनिया की सबसे ताकतवर चीज है इच्छाशक्ति,
जिसकी बदौलत आप सब कुछ बदल सकते हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### इजराइल की डेड लाइन खत्म, सेना एक्शन में

# बाइडेन ने नेतन्याहू और अब्बास से की बात



**एजेंसी** | दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और फिलिस्तीन प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात की। अमेरिका ने यूएसएस ड्वाइट डी आइजनहोवर कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को पूर्वी भूमध्य सागर की ओर भेजना भी शुरू कर दिया है। व्हाइट हाउस के मुताबिक बाइडेन ने अब्बास के साथ बातचीत में इजराइल पर हमास के क्रूर हमलों की निंदा की और कहा कि आतंकी समूह 'फिलिस्तीन के लोगों के सम्मान और आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए खड़ा नहीं है।' व्हाइट हाउस ने बताया कि बाइडेन ने नेतन्याहू के साथ बातचीत में उन्हें अमेरिकी सैन्य सहयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने संघर्ष को बढ़ावा देने की मंशा रखने वालों को भी चेताया। इस बीच, इजराइली सेना ने गाजा में एंट्री शुरू कर दी है।



### सुनक ने हमास के हमलों की निंदा की

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इजराइल पर फलस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के 'भयावह और बर्बर' हमलों की निंदा की और सुरक्षा बहाल करने के लिए इजराइल का सतत सहयोग करने का संकल्प किया। पीएम कार्यालय और सोशल मीडिया पर शनिवार को जारी एक बयान में सुनक ने देश में यहूदी समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई व कहा कि उनकी सुरक्षा के लिए सभी उपाय किए जाएंगे।

### गाजा में घुसी इजराइली सेना

उत्तरी गाजा खाली करने की डेड लाइन खत्म होने पर लोगों को 3 घंटे का और वक्त देने के बाद इजराइली सेना ने गाजा शहर में प्रवेश करना शुरू कर दिया है। तेल अवीव से गाजा बॉर्डर की तरफ जाने वाली सड़कें आर्मी के ट्रकों से भरी हुई हैं। इन ट्रकों में सेना के टैंक और दूसरे सामान लदे हैं। वैसे, अभी इजराइल ने जमीनी हमले की बात नहीं की है, लेकिन माना जा रहा है कि ऑपरेशन शुरू हो चुका है। बता दें, इजराइली सेना ने नॉर्थ गाजा में रह रहे 11 लाख लोगों को साउथ गाजा जाने के लिए शनिवार को 6 घंटे का टाइम दिया था। ये डेडलाइन खत्म हो चुकी है। इजराइल ने 9 अक्टूबर को गाजा की तरफ पानी और बिजली की सप्लाई रोक दी थी। इससे वहां पानी खत्म होने की कगार पर है।

### ऑपरेशन अजय: इजराइल से लगातार आ रहे भारतीय

# करीब 900 भारतीय लौटे

**एजेंसी** | यरुशलम

इजराइल-हमास संघर्ष के बीच इजराइल छोड़ने के इच्छुक 274 भारतीय नागरिकों का चौथा जत्था रविवार को एक विशेष विमान से स्वदेश के पहुंचा। इससे पूर्व रविवार तड़के 2 बजे तीसरे जत्थे में 197 भारतीय वतन लौट आए। बता दें, भारत ने सात अक्टूबर को गाजा से हमास के आतंकवादियों द्वारा इजरायल के शहरों पर किए गए हमलों के बाद स्वदेश लौटने के इच्छुक लोगों की वापसी के लिए 12 अक्टूबर को 'ऑपरेशन अजय' शुरू किया था।

इस बीच, विदेश मंत्रालय का नियंत्रण कक्ष स्थिति पर नजर रख रहा है व सहायता उपलब्ध करा रहा है। इस कक्ष से टोल फ्री नंबर 1800118797 पर सम्पर्क कर सकते हैं और ईमेल एड्रेस situationroom@mea.gov.in. के जरिए सहायता प्राप्त कर सकते हैं। वहीं तेल अवीव में दूतावास ने भी हेल्पलाइन स्थापित की है। इस हेल्पलाइन के नंबर 972-35226748, 972-543278392 के जरिए संपर्क किया जा सकता है।



### कई भारतीय हमारे साथ काम कर रहे

भारत के राजदूत संजीव सिंगला ने बताया कि दूतावास इजराइल में हमारे उन सभी नागरिकों की सुविधा के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहा है, जो देश छोड़ना चाहते हैं। हमने छात्रों, नर्स और व्यवसायी समेत अन्य लोगों से संपर्क किया है। उनमें से कुछ वास्तव में स्वयंसेवकों के रूप में हमारे साथ काम कर रहे हैं। हम सभी से संयमित रहने का आग्रह करते हैं।

### भारत आए लोगों की प्रतिक्रिया

इजराइल से लौटी प्रीति शर्मा ने कहा कि इजराइल में कई भारतीय हैं ललित ने कहा कि मैं वहां फंसा हुआ था। मेरी पढ़ाई पूरी हो गई थी। मेरी 6 फ्लाइट कैंसिल हो चुकी थी। मेरी बेटी और पत्नी भी साथ में थे। मैं सामान्य परिस्थिति में नहीं था। वहीं, विवेकानंद तिवारी ने कहा कि हम भारत सरकार और विदेश मंत्रालय का शुक्रिया अदा करते हैं कि हमें वहां से यहां सुरक्षित लाया गया। बताया जा रहा है कि इजराइल में करीब 1800 भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं।

### तालिबान चला चीन, पाकिस्तान के कहने पर मिला आमंत्रण!

# जिनपिंग के BRI सम्मेलन में होगा शामिल

**काबुल**। तालिबान चीन के बेल्ट एंड रोड फोरम में शामिल होगा। तालिबान को किसी भी सरकार की तरफ से कोई औपचारिक मान्यता नहीं दी गई है। इसके बावजूद इस सम्मेलन में उसकी भागीदारी चीन की कम्युनिस्ट सरकार के साथ उसके बढ़ते आधिकारिक संबंधों को रेखांकित करेगा। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार तालिबान के अधिकारियों और मंत्रियों ने कई बार क्षेत्रीय बैठकों में हिस्सा लिया है, जिनमें से ज्यादातर अफगानिस्तान पर केंद्रित थीं।

लेकिन बेल्ट एंड रोड फोरम सर्वोच्च-प्रोफाइल बहुपक्षीय शिखर सम्मेलनों में से एक है, जिसमें भाग लेने के लिए इसे आमंत्रित किया गया है। मंगलवार-बुधवार को बीजिंग में होने वाला यह सम्मेलन राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी वैश्विक बुनियादी ढांचे और ऊर्जा पहल की 10वीं वर्षगांठ का प्रतीक है।

इसे वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने के लिए प्राचीन सिल्क रोड के पुनर्निर्माण के रूप में प्रस्तुत किया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता अखुंदजादा अब्दुल सलाम जवाद ने कहा कि तालिबान के वाणिज्य और उद्योग के कार्यवाहक मंत्री हाजी नूरुद्दीन अजीजी आने वाले दिनों में बीजिंग की यात्रा करेंगे। वह इसमें हिस्सा लेंगे और बड़े निवेशकों को अफगानिस्तान में आमंत्रित करेंगे।

### US में डॉ. अंबेडकर की सबसे ऊंची मूर्ति का अनावरण

**वाशिंगटन**। भारत के संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर की अमेरिका की सबसे ऊंची प्रतिमा का राजधानी वॉशिंगटन डीसी में अनावरण किया गया। इस प्रतिमा को 'स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी' का नाम दिया गया है। यह प्रतिमा वॉशिंगटन डीसी के उपनगर मेरीलैंड में स्थापित की गई है। इस मौके पर करीब 500 भारतीय मौजूद रहे। अमेरिका में स्थापित की गई डॉ. अंबेडकर की इस प्रतिमा का अनावरण मशहूर मूर्तिकार राम सुतार ने किया।

### विदेश मंत्री की चार दिवसीय यात्रा, वियतनाम पहुंचे

# जयशंकर का पैगोड़ा में स्वागत

**एजेंसी** | हनोई

विदेश मंत्री एस जयशंकर दक्षिण पूर्व एशिया के दो देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में रविवार को वियतनाम पहुंचे। अपने दौरे के दौरान वह द्विपक्षीय सहयोग को और प्रगाढ़ के तरीकों पर चर्चा करेंगे। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आज वियतनाम पहुंचा हूं। प्रसिद्ध ट्रान क्वोक पैगोडा में गर्मजोशी से व्यक्तिगत स्वागत के लिए विदेश मंत्री बुई थान सोन को धन्यवाद। कल 18वीं संयुक्त आयोग बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हूं।' हनोई पहुंचने के तुरंत बाद जयशंकर ने ऐतिहासिक ट्रान क्वोक पैगोडा का दौरा किया। छठी शताब्दी में निर्मित, ट्रान क्वोक पैगोडा हनोई का सबसे पुराना बौद्ध मंदिर है। ऐतिहासिक मंदिर में जयशंकर का उनके वियतनामी समकक्ष बुई थान सोन ने स्वागत किया। 'एक्स' पर जयशंकर ने कहा, 'ऐतिहासिक ट्रान क्वोक पैगोडा का दौरा किया।



भारत-वियतनाम के बीच सदियों पुराने संबंधों का प्रतीक बोधि वृक्ष है, जिसे 1959 में तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने वियतनाम के राष्ट्रपति को उपहार में दिया था।'

### धरती का सबसे छोटा पौधा

# अंतरिक्ष मिशनों के लिए वरदान!

■ सलाद के तौर पर भी खाया जाता है यह पौधा

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

विश्व की अंतरिक्ष एजेंसियां ऐसे मिशनों पर काम कर रही हैं, जिनके तहत इंसानों को चांद और मंगल ग्रह तक पहुंचा सकें। अंतरिक्ष यात्री जब लंबे समय के लिए स्पेस में रहेंगे, तो वह खाएंगे क्या? वर्षों से इस पर अलग-अलग रिसर्च की जा रही हैं।

पृथ्वी पर पनपने वाले कई पौधों पर शोध हो रहा है, जो फ्यूचर में अंतरिक्ष यात्रियों को पोषण और ऑक्सीजन देंगे। ऐसा ही एक पौधा वॉटरमील है। इसे धरती पर सबसे छोटे फूल वाले पौधे के रूप में पहचाना जाता है।



### इस पौधे में है काफी प्रोटीन

रिसर्च को लीड कर रहे महिदोल यूनिवर्सिटी के तात्पोंग तुल्यानंद के मुताबिक वॉटरमील में खासी मात्रा में प्रोटीन है। लंबे वक्त से थाईलैंड में इसे खाने में इस्तेमाल किया जाता है। सलाद के तौर पर भी इसे खाया जाता है। उन्होंने कहा कि जब पौधों को खाया जाता है, तो उनका 100 फीसदी इस्तेमाल होता है। इसलिए यह स्पेस में होने वाली खेती के लिए बेहतर है। अगले कुछ दिनों में रिसर्च के नतीजों को देखा जाएगा। वैसे, यह स्पेस में खेती की राह को प्रशस्त कर सकता है।

### थाईलैंड में पाया जाता है वॉटरमील पौधा

यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ईएसए) की रिपोर्ट के अनुसार थाईलैंड के वैज्ञानिक अंतरिक्ष यात्रियों के लिए पोषण और ऑक्सीजन के सोर्स के रूप में वॉटरमील की क्षमता की खोज कर रहे हैं। यह बेहद छोटा, जड़ और तना रहित पौधा है। यह विशेष रूप से थाइलैंड और बाकी एशियाई देशों में वॉटर बॉडीज में पाया जाता है। वैज्ञानिकों को लगता है कि गुरुत्वाकर्षण बदलने पर पौधों पर जो असर होता है, उसे स्टडी करने के लिए वॉटरमील सबसे बेहतर हो सकता है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl